वार्षिक रिपोर्ट

2020–2021

bmtpc

निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्द्धन परिषद्
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

वार्षिक रिपोर्ट
2020-2021

निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्द्धन परिषद्
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
कोर-5ए, प्रथम तल, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड,
नई दिल्ली-110003

प्राक्कथन

मुझे निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकि संवर्द्धन परिषद् (बीएमटीपीसी), जोकि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, की वर्ष 2020–21 की 31वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत गर्व एवं प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

वर्ष 1990 में अपनी स्थापना से बीएमटीपीसी क्षेत्र स्तर के अनुप्रयोगों के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री एवं स्थानीय कौशल के आधार पर, आपदा प्रतिरोधी निर्माण प्रथा सहित संसाधन–दक्ष, जलवायु के प्रति उत्तरदायी टिकाऊ निर्माण सामग्री को बढ़ावा देने के प्रयोजन से निरंतर राष्ट्र की सेवा कर रहा है। भवन उद्योग में नवाचार लाने की अपनी यात्रा में, बीएमटीपीसी ने अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को कई बार राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाला है जिससे क्षेत्र में तकनीकी जानकारी स्थानांतरित करने में सफल रहा है। जून, 2015 से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियावयन के दौरान, विश्व भर में वैकल्पिक एवं उभरती हुई निर्माण प्रणाली लाने का अभियान, जो न केवल गुणवत्तापरक टिकाऊ आवास की त्वरित आपूर्ति सुनिश्चित करे, अपितु ढांचागत, व्यावहारिक तथा भारतीय मानकों के अनुसार सुरक्षा मानकों की महत्वपूर्ण स्तरों के अनुरूप भी हो, को व्यापक महत्व मिला। किफायती आवास प्रदान करने के इस उद्देश्यपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए, बीएमटीपीसी निरंतर सर्वोत्तम निर्माण प्रणालियों की पहचान रहा है, उनका मूल्यांकन कर रहा है एवं प्रमाणित कर रहा है। इन प्रणालियों को भारतीय भू–जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप प्रदर्शन निर्माण, लाइट हाउस परियोजनाओं और राज्यों को समुचित सहायता प्रदान करते हुए क्षेत्र स्तर के अनुप्रयोगों के लिए सीधे स्थानांतरित किया जा रहा है। परिषद् के इन प्रयासों के लिए सार्वजनिक एवं निजी एजेंसियों तथा राज्य सरकारों से अच्छी प्रतिक्रियायें प्राप्त हुईं और ये नई प्रणालियां अब धीरे–धीरे गति पकड़ रही हैं व निर्माण परियोजनाओं में इनका उपयोग भी किया जा रहा है।

व्यापक जन समर्थन, बेहतर पहुंच और क्षेत्र में उभरती प्रणालियों के बेहतर उपयोग के लिए, बीएमटीपीसी को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए भारत के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन आवास परियोजनाएं आरंभ करने का कार्य सौंपा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) – सब के लिए आवास मिशन के अंतर्गत नई प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता फैलाना और राज्यों में तकनीकी जानकारी का प्रचार–प्रसार करना है। इससे पूर्व, बीएमटीपीसी ने उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए नेल्लोर, आंध्र प्रदेश, भुवनेश्वर, ओडिशा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, बिहारशरीफ, बिहार और हैदराबाद, तेलंगाना में प्रदर्शन आवास परियोजनाएं (डीएचपी) पूरी कर ली हैं। भुवनेश्वर, लखनऊ और बिहारशरीफ में संबंधित राज्य सरकारों को पहले ही प्रदर्शन आवास परियोजनाएं (डीएचपी) सौंपी जा चुकी हैं। वर्ष के दौरान, बीएमटीपीसी ने कोविड–2019 महामारी में पंचकुला, हरियाणा और अगरतला, त्रिपुरा में प्रदर्शन आवास परियोजनाओं का निर्माण आरंभ किया है। इसके साथ–साथ अहमदाबाद, गुजरात और चिंबेल, गोवा में डीएचपी के निर्माण के लिए कार्यादेश प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, सीएसएमसी के अनुमोदन से भोपाल, मध्य प्रदेश, गुवहाटी, असम, तिरुपुर, तमिलनाडु और अयोध्या, उत्तर प्रदेश में भी चार प्रदर्शन आवास परियोजनाएं आरंभ की गई हैं। पीएमएवाई–शहरी के सीएसएमसी के विचारार्थ इन चार प्रदर्शन आवास परियोजनाओं (डीएचपी) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई थी।

निर्माण क्षेत्र में नवोन्मेष को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजपत्र अधिसूचना, (दिनांक 4 दिसंबर, 1999, भारत का राजपत्र 49 में सं. I-16011/5/99 एच -II) के दृष्टिगत बीएमटीपीसी पीएसीएस के अंतर्गत भावी निर्माण प्रणालियों एवं नई सामग्रियों एवं उत्पादों का मूल्यांकन एवं प्रमाणित करने का कार्य कर रहा है। वर्ष के दौरान, बीएमटीपीसी द्वारा उभरती हुई प्रौद्योगिकियों अर्थात कोन्क्रीट रींसफोर्स्ड ऑटोक्लेव्ड एरेटेड कंक्रीट पैनल्स, पीयूएफ का उपयोग करते हुए फैक्ट्री असेम्बल्ड इंसुलेटेड सैंडविच पैनल और मिनरल–वूल का उपयोग करते हुए फैक्ट्री असेम्बल इंसुलेटेड सैंडविच पैनल्स को कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणन योजना के अंतर्गत प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं और अनेक उत्पादों/प्रणालियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। आज की तारीख तक बीएमटीपीसी ने विभिन्न उत्पादों, सामग्रियों एवं प्रौद्योगिकियों को समाहित करते हुए 73 उत्पादों/प्रणालियों के लिए कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणपत्र जारी किए हैं। मंत्रालय एवं बीएमटीसी के प्रयासों से सीपीडब्ल्यूडी ने कई उभरती प्रौद्योगिकियों के विनिर्देश एवं दर अनुसूची जारी की है।

बीएमटीपीसी आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की मिशन योजनाओं के लिए एक तकनीकी संसाधन संस्थान के रूप में सक्रियता के साथ सहयोग एवं काम कर रहा है और प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत मूल्यांकन, निगरानी, तृतीय पक्ष निरीक्षण और निगरानी (टीपीआईएम) और यूएलबी के संचालन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्रौद्योगिकी उप–मिशन का उद्देश्य राज्यों में सतत विकास के लिए नवीन और हरित प्रौद्योगिकियों को मुख्यधारा में लाना है। बीएमटीपीसी टेक्नोलोजी सब–मिशन के सचिवालय की भांति काम कर रहा है और मंत्रालय और राज्यों को आपदा प्रतिरोधी, ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों को परिनियोजित करने में सहायता कर रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रौद्योगिकी उप–मिशन की कई बैठकें आयोजित की गईं। भूकंप क्षेत्र IV और जोन V में पड़ने वाले विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में परियोजनाएं संचालित करने के लिए परिषद को प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत मूल्यांकन और निगरानीकर्ता एजेंसी के रूप में भी नामित किया गया है। परिषद जन अवास के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने और अपनाने में विभिन्न राज्य सरकारों एवं अन्य एजेंसियों की भी सहायता कर रही है।

बीएमटीपीसी ने वैश्विक आवास प्रौद्योगिकी चुनौती–भारत (जीएचटीसी–इंडिया) के संगठन में सबके लिए आवास मिशन निदेशालय, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तकनीकी भागीदार के रूप में मिलकर काम किया। टीईसी द्वारा छः व्यापक श्रेणियों में जीएचटीसी इंडिया के अंतर्गत 54 प्रमाणित प्रौद्योगिकियों को चुना गया है। इन प्रमाणित प्रौद्योगिकियों को अब छः स्थानों पर लाइट हाउस परियोजनाओं (एलएचपी) के निष्पादन से प्रदर्शित किया जा रहा है। ये एलएचपी समूचे भारत में नवोन्मेषी और हरित निर्माण प्रथाओं को स्थापित करने के जीवंत प्रयोगशालाओं के रूप में कार्य करेंगे और टिकाऊ निर्माण में निश्चित रूप से सहायता करेंगे। मंत्रालय द्वारा परिषद को एक तकनीकी भागीदार

के रूप में नामित किया गया है और संबंधित राज्य सरकारों के साथ गहन समन्वय में एलएचपी के कार्यान्वयन के लिए नामित किया गया है। बीएमटीपीसी किसी भी प्रश्न के समाधान और एलएचपी के सुचारू संचालन के लिए मंत्रालय के साथ गहन समन्वय में एजेंसियों के साथ नियमित रूप से निगरानी और वार्तालाप कर रहा है। जीएचटीसी–भारत के अंतर्गत किफायती टिकाऊ आवास उत्प्रेरक (आशा) – इंडिया के माध्यम से चिन्हित भविष्य की संभावित प्रौद्योगिकियों को इनक्यूबेट और तेज करने की भी योजना बनाई गई है। परिषद ने किफायती किराया आवास परिसर (एआरएचसी) योजना और टेक्नोग्राहियों के ऑनलाइन अभियान के तहत तकनीकी सहायता भी प्रदान की।

मंत्रिमंडल के अनुमोदन से आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने बीएमटीपीसी के अंतर्गत एक राष्ट्रीय शहरी आवास निधि (एनयूएचएफ) का सृजन किया है जो ऋणदाता एजेंसियों या वित्तीय संस्थानों से ऋण एकत्रित करता है। एनयूएचएफ के लिए अतिरिक्त बजटीय संस्थानों (ईबीआर) द्वारा जुटाई गई निधियां बीएमटीपीसी को ऋण के रूप में प्राप्त हो रही है जिसको आगे केंद्रीय सहायता के रूप में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संवितरित किया जा रहा है साथ ही मिशन के सीएलएसएस वर्टिकल के अंतर्गत केन्द्रीय नोडल एजेंसियों (सीएनएज) को सब्सिडी के रूप में दिया जा रहा है। कार्यों की निगरानी एवं डेटा विश्लेषण, संकलन तथा प्रसारण व इलेक्ट्रोनिक रूप में आवधिक रिपोर्ट तैयार करने एवं अनुकूल तरीके में स्थल का दौरा/भौतिक सत्यापन करने के लिए बीएमटीपीसी के माध्यम से एक डेटा संसाधन सह निगरानी केंद्र (डीएमआरसी) भी स्थापित किया गया है।

बीएमटीपीसी आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन का एक प्रमुख गढ़ बन चुका है। बीएमटीपीसी इस दिशा में सक्रिय दृष्टिकोण स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है और व्यावसायिकों को शिक्षित करने में सबसे आगे खड़ा है तथा विभिन्न पणधारकों के साथ आम आदमी सहित सामूहिक जागरूकता फैलाने के कार्यों में लगा हुआ है। लोगों में प्राकृतिक खतरों के बारे में जागरूकता और समझ फैलाने, विभिन्न खतरों के संबंध में अतिसंवेदनशीलता वाले क्षेत्रों जैसा कि भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र पर ई–पाठ्यक्रम, माननीय प्रधान मंत्री द्वारा विमोचित भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र के तीसरे संस्करण में प्रदान किया गया है, की पहचान करने में सहायता करने के उद्देश्य से योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र पर ई–पाठ्यक्रम आरंभ किया गया है। बीएमटीपीसी अपने अभियंताओं और वास्तुकारों को पाठ्यक्रम आरंभ करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश देने के लिए पणधारकों और विभागों के साथ निरंतर प्रयास कर रहा है।

पूर्व वर्षों की भांति ही विश्व पर्यावास दिवस, 2020 के अवसर पर, परिषद् ने इस वर्ष भी यूएन पर्यावास द्वारा चुने गए विषय ''सबके लिए आवास : बेहतर शहरी भविष्य'' विषय पर तीन पुस्तकें (i) ''निर्माण सारिका'' का विशेषांक (ii) उभरती निर्माण प्रणालियों पर लघु पुस्तिका एवं (iii) कार्य निष्पादन प्रमाणन योजना (पीएसीएस) पर पुस्तिका का प्रकाशन किया। निर्माण क्षेत्र में ज्ञान के आधार को सुदृढ़ बनाने के क्रम में, परिषद् की वेबसाइट का नियमित अंतराल पर, नवीनतम गतिविधियों एवं सूचनाओं के साथ अद्यतन किया जा रहा है। वेबसाइट पर उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में सामान्य पूछताछ के रूप में बहुत अच्छी प्रतिक्रियाएं प्राप्त हो रही है। बीएमटीपीसी ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय एवं योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से उभरती निर्माण प्रणालियों के क्षेत्र में व्यावसायिकों की क्षमता का निर्माण करने के लिए नवरीति : नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकियों पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आरंभ किया है। परिषद नवीन निर्माण सामग्री और आपदा प्रतिरोधी प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी का प्रचार–प्रसार करने के लिए अन्य क्रियाकलाप सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटरः @ bmtpcdelhi; फेसबुकः @bmtpc.mhua; यूट्यूबः BMTPC) का उपयोग भी कर रही है।

यह मेरा सौभाग्य है कि बीएमटीपीसी द्वारा आरंभ किए गये और क्रियान्वित किए गये विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अध्यक्ष (माननीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री), प्रबंधन मंडल के सदस्यों, कार्यकारी समिति के अध्यक्ष (सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय) और बीएमटीपीसी की कार्यकारी समिति के सदस्यों तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से परिषद् को बहुमूल्य मार्गदर्शन, समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। बीएमटीपीसी नीति आयोग, शहरी विकास पर स्थायी संसदीय समिति, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) सबके लिए आवास मिशन निदेशालय, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, विभिन्न राज्य सरकारों, नगर निगमों और शहरी स्थानीय निकायों, गृह मंत्रालय, उत्तर–पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्रालय, एनडीएमए, एनआईडीएम, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, डीएसटी, सीएसआईआर, आईआईटी, सीईपीटी, आईपीआईआरटीआई, सीबीआरआई, एसईआरसी, आईसीआई, एसपीए, हड़को, बीआईएस, एनएचबी, एनसीएचएफ, एचपीएल, सीजीआईडब्ल्यूएचओ, सीपीडब्ल्यूडी, एनएसआईसी, सीआईडीसी, एवं आरआईसीएस, स्कूल ऑफ बिल्ट इनवार्यनमैंट को उनके द्वारा दिये गये निरंतर सहयोग और आगामी वर्षों में परिषद् के प्रयासों का समर्थन करने में रुचि लेने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद देता है।

मैं परिषद् के क्रियाकलापों का समय पर कार्यान्वयन करने में अपने अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किये गये सहयोग की भी हृदय से सराहना करता हूँ। परिषद् आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से प्राप्त समर्थन और सहयोग के प्रति आभार करती है, जिसने परिषद् को सौंपे गये कार्य (मेनडेट) को पूरा करने और इसके उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में परिषद् की सहायता की।

शैलेश कु॰ अग्रवाल

(डॉ. शैलेश कुमार अग्रवाल)
कार्यकारी निदेशक

विषय-सूची

मिशन और ध्येय 1

प्रस्तावना 2

वर्ष 2020-21 के दौरान मुख्य पहलें और क्रियाकलाप 7

I. **उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए आदर्श प्रदर्शन निर्माण** 7

1. देश के विभिन्न भागों में उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए प्रदर्शन आवास परियोजना 7

II. **प्रधानमंत्री आवास योजना - सबके लिए आवास (शहरी) मिशन** 15

1. प्रधानमंत्री आवास योजना – सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के कार्यान्वयन में बीएमटीपीसी की भूमिका 15

III. **राष्ट्रीय शहरी आवास निधि (एनयूएचएफ) का क्रियान्वयन** 20

IV. **आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन** 21

1. भारत की अतिसंवेदनशीलता एटलस पर ई–पाठ्यक्रम 21
2. भारत की अतिसंवेदनशीलता एटलस पर वेबिनार का आयोजन 22
3. आपदा से सुरक्षित ग्रामीण आवास पर वेबिनार का आयोजन 23
4. भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र पर डेटा साझा करना 23

V. **निर्माण क्षेत्र में सूचना एवं डाटाबेस आधार का सुदृढ़ीकरण** 24

1. "निर्माण सारिका" – बीएमटीपीसी न्यूजलेटर के विशेषांक का प्रकाशन 24
2. उभरती निर्माण प्रणाली पर लघु पुस्तिका का प्रकाशन–तृतीय संस्करण 24
3. कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणन योजना (पीएसीएस) पर पुस्तिका का प्रकाशन 25
4. मानकीकरण एवं उत्पाद मूल्यांकन 26
5. परिषद् की वेबसाइट के माध्यम से सूचना का प्रसार 27

VI. **प्रौद्योगिकी की पहचान, स्थानांतरण एवं संवर्धनात्मक गतिविधियां** 28

1. उभरती आवास प्रौद्योगिकियों की पहचान एवं मूल्यांकन 28
2. नवरीति : नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकियों पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम 30
3. योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली के ''योजना (आवास)'' के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों पर पाठ्यक्रम 33
4. गृहा वर्चुअल फेस्ट 34
5. विश्व पर्यावास दिवस 2020 समारोह 35

VII. **संगठन** 36

VIII. **स्टाफ संख्या (यथा 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार)**.....38

IX. **लेखा** 39

अनुबंध

I संवर्धनात्मक कार्यक्रमों में सहभागिता 61

II प्रस्तुतिकरण सहित प्रस्तुत/प्रकाशित आलेख 68

III वर्ष के दौरान प्रकाशित प्रकाशन 72

ध्येय

"बीएमटीपीसी, आम आदमी पर विशेष ध्यान देते हुए आपदा रोधी निर्माण सहित सुस्थिर निर्माण सामग्रियों और उचित प्रौद्योगिकियों तथा प्रणालियों के क्षेत्र में सभी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान (नॉलेज) तथा प्रदर्शन (डिमोंस्ट्रेशन) हब बने।"

मिशन

"आवास के सुस्थिर विकास के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों सहित संभावित लागत प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल, आपदा रोधी निर्माण सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के संवर्द्धन और प्रयोगशालाओं से जमीन तक इनके अंतरण के लिए व्यापक और एकीकृत दृष्टिकोण बनाने की दिशा में कार्य करना"

प्रस्तावना

वर्ष 1990 में स्थापित निर्माण सामग्री एंव प्रौद्योगिकी संवर्द्धन परिषद् (बीएमटीपीसी) भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक स्वायत संगठन है। बीएमटीपीसी को बड़े पैमाने पर क्षेत्र स्तरीय अनुप्रयोग हेतु उभरती निर्माण सामग्री एवं निमार्ण प्रौद्योगिक सहित संसाधन–दक्ष, जलवायु उत्तरदायी, आपदा रोधी निर्माण प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के कार्य सौंपे गये हैं। बीएमटीपीसी, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन सहित नवोन्मेषी निर्माण सामग्री एवं निर्माण प्रणाली के क्षेत्र में वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान करने में मंत्रालय के संसाधन संस्थानों में से एक है।

अपनी स्थापना के बाद से, बीएमटीपीसी क्षेत्र में निर्माण सामग्री और आवास प्रौद्योगिकियों के सफल हस्तांतरण के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, गैर सरकारी संगठनों, विदेशी संस्थानों के साथ नेटवर्किंग के माध्यम से बहु–आयामी दृष्टिकोण अपनाता है। परिषद निर्माण उद्योग में नवीन, लागत प्रभावी, पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल वैकल्पिक निर्माण सामग्री और प्रौद्योगिकियों को मुख्यधारा में लाने के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का भी प्रयास कर रही है।

उभरती हुई निर्माण प्रणालियों के क्षेत्र स्तर के अनुप्रयोग को प्रदर्शित करने और हितधारकों तक पहुंचने के लिए, परिषद देश के विभिन्न हिस्सों में अन्य संरचनाओं सहित मॉडल प्रदर्शन घरों का निर्माण भी करती है। प्रौद्योगिकी विकास, संवर्धन और प्रसार प्रयासों के संबंध में, परिषद ने बांस आधारित आवास समाधान सहित आवास और भवन निर्माण में उपयोग के लिए विभिन्न तकनीकों को बढ़ावा दिया है।

हाल के वर्षों में परिषद ने न केवल स्थायी प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी पहुंच का विस्तार किया है बल्कि पहचान, मूल्यांकन और प्रसार के माध्यम से किफायती सामूहिक आवास के लिए देश और विदेश से उभरती हुई औद्योगिक आवास प्रणालियों का प्रचार भी किया है। मंत्रालय के साथ परिषद विभिन्न उभरती प्रौद्योगिकियों को पेश करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है, जो दुनिया में कहीं और सफल हैं ताकि आवास निर्माण में संसाधन दक्षता, अर्थव्यवस्था, गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण, गति और स्थायित्व लाया जा सके।

बीएमटीपीसी आपदा न्यूनीकरण और प्रबंधन गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है और एनडीएमए, एनआईडीएम और अन्य संस्थानों के साथ निकट संपर्क में काम कर रहा है। 1997 और 2006 में भारत का पहला सुभेद्यता एटलस लाने के अलावा, परिषद ने 2019 में भारत के अपने अतिसंवेदनशीलता मानचित्र का तीसरा संस्करण निकाला, जिसका विमोचन भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।

भारत की अतिसंवेदनशीलता मानचित्र और आपदा प्रतिरोधी डिजाइन और निर्माण प्रथाओं के बारे में प्रशिक्षित करने और जागरूकता फैलाने के लिए, परिषद ने आवास और अवसंरचना क्षेत्र में काम करने वाले अभियंताओं, वास्तुकारों और अन्य पणधारकों के लिए डिजाइन किए गए वेबिनार का आयोजन किया। योजना एवं वास्तुकला विद्यालय नई दिल्ली के सहयोग से भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र पर ई–पाठ्यक्रम भी आरंभ किया गया जिसका शुभारंभ माननीय मंत्री द्वारा किया गया था। इसके अलावा, परिषद नियमित रूप से आपदा प्रतिरोधी निर्माण पर बहुमूल्य दिशानिर्देश/नियमावली प्रकाशित करती है। भूकंप संबंधी तैयारियां और भूकंप प्रतिरोधी निर्माण प्रथाओं और भूकंपीय रेट्रोफिटिंग का प्रचार–प्रसार करने के लिए, परिषद ने लाइफ लाइन भवन सहित कुछ भवनों की रेट्रोफिटिंग की है और व्यावसायिकों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये।

मंत्रालय की तकनीकी एजेंसी होने के कारण, बीएमटीपीसी को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्रौद्योगिकी उप–मिशन के अधीन विभिन्न क्रियाकलाप संचालित करने का कार्य सौंपा गया है। प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्रौद्योगिकी उप–मिशन का उद्देश्य राज्यों में सतत विकास के लिए नवीन और हरित प्रौद्योगिकियों को मुख्यधारा में लाना है। बीएमटीपीसी टेक्नोलोजी सब–मिशन के सचिवालय की भांति काम कर रहा है और मंत्रालय और राज्यों

को आपदा प्रतिरोधी, ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों को परिनियोजित करने में सहायता कर रहा है। भूकंप क्षेत्र IV और जोन V में पड़ने वाले विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में परियोजनाएं संचालित करने के लिए परिषद को प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत मूल्यांकन और निगरानीकर्ता एजेंसी के रूप में भी नामित किया गया है। परिषद जन अवास के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने और अपनाने में विभिन्न राज्य सरकारों एवं अन्य एजेंसियों की भी सहायता कर रही है। बीएमटीपीसी आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई वैश्विक आवास प्रौद्योगिकी चुनौती–भारत (जीएचटीसी–इंडिया) में तकनीकी भागीदार भी है।

जीएचटीसी–इंडिया के अंतर्गत चुनी गई प्रमाणित प्रौद्योगिकियों को पूरे भारत में छह स्थानों पर लाइट हाउस परियोजनाओं (एलएचपी) के निष्पादन से प्रदर्शित किया जा रहा है। संबंधित राज्य सरकारों के साथ गहन समन्वय में एलएचपी के कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय द्वारा परिषद को कार्यान्वयन एजेंसी नामित किया गया है। परिषद किफायती टिकाऊ आवास उत्प्रेरक (आशा) – इंडिया के माध्यम से चिन्हित भविष्य की संभावित प्रौद्योगिकियों के ऊष्मायन और त्वरण में भी जुड़ी हुई है। परिषद ने टेक्नोग्राही और किफायती किराया आवास परिसर (एआरएचसी) योजना में मंत्रालय को अपना तकनीकी समर्थन भी दिया। बीएमटीपीसी ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से उभरती निर्माण प्रणाली के क्षेत्र में काम करने वाले व्यावसायिकों (पेशेवरों) के क्षमता निर्माण के उद्देश्य से नवरीति : नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकियों पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आरंभ किया है जिसका शुभारंभ माननीय प्रधान मंत्री ने किया था।

मंत्रिमंडल के अनुमोदन से आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने बीएमटीपीसी के अंतर्गत एक राष्ट्रीय शहरी आवास निधि (एनयूएचएफ) का सृजन किया है जो ऋणदाता एजेंसियों या वित्तीय संस्थानों से ऋण एकत्रित करता है। एनयूएचएफ के लिए अतिरिक्त बजटीय संस्थानों (ईबीआर) द्वारा जुटाई गई निधियां बीएमटीपीसी को ऋण के रूप में प्राप्त हो रही है जिसको आगे केंद्रीय सहायता के रूप में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संवितरित किया जा रहा है साथ ही मिशन के सीएलएसएस वर्टिकल के अंतर्गत केन्द्रीय नोडल एजेंसियों (सीएनएज) को सब्सिडी के रूप में दिया जा रहा है। कार्यों की निगरानी एवं डेटा विश्लेषण, संकलन तथा प्रसारण व इलेक्ट्रोनिक रूप में आवधिक रिपोर्ट तैयार करने एवं अनुकूल तरीके में स्थल का दौरा/भौतिक सत्यापन करने एवं जागरूकता फैलाने के अन्य क्रियाकलापों के लिए बीएमटीपीसी द्वारा डेटा संसाधन सह निगरानी केंद्र (डीएमआरसी) भी संचालित किया जा रहा है। डीआरएमसी के सुचारू संचालन के लिए में विशेषज्ञों और सहायक कर्मचारियों के साथ बीएमटीपीसी अधिकारियों की एक समर्पित टीम आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में कार्यरत है।

उद्देश्य

परिषद के व्यापक उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- **भवन निर्माण सामग्री एवं निर्माण प्रौद्योगिकियां:** निर्माण क्षेत्र में प्रमाणित नवोन्मेषी एवं उभरती निर्माण सामग्रियां तथा प्रौद्योगिकियों के विकास, मानकीकरण, यंत्रीकरण तथा बड़े पैमाने पर धरातल पर अनुप्रयोग को बढ़ावा देना।
- **क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास:** व्यावसायिकों, निर्माण एजेंसियों, कारीगरों हेतु क्षमता निर्माण एवं उचित निर्माण पद्धतियों को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रशिक्षण संसाधन केन्द्र के रूप में काम करना तथा निर्माण प्रौद्योगिकी को प्रयोगशाला से जमीन तक लाने के लिए विपणन करना
- **आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन:** प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण, भेद्यता तथा जोखिम कम करने की प्रौद्योगिकियों एवं कार्य–प्रणालियों को बढ़ावा देना और रेट्रोफिटिंग/भवनों का पुनर्निमाण तथा मानव बस्तियों के लिये आपदा रोधी योजना बनाना।
- **परियोजना प्रबंधन एवं परामर्श:** मूल्यांकन, निगरानी तथा केन्द्र/राज्य की विभिन्न योजनाओं के तहत आवास परियोजनाओं का तृतीय पक्ष का निरीक्षण सहित परियोजना प्रबंधन तथा परामर्श की सेवाएं देना।

प्रमुख कार्य क्षेत्र

अपेक्षित उद्देश्य प्राप्त करने के लिए, बीएमटीपीसी ने अपनी गतिविधियों के निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है:

- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तौर पर आवास क्षेत्र के लिए उपलब्ध प्रमाणित एवं उभरती आवास प्रौद्योगिकियों की पहचान करना, उसका मूल्यांकन करना एवं उसे बढ़ावा देना।
- निर्माण में गति, किफायत, कुशलता एवं गुणवत्ता को प्रोत्साहित करना।
- प्रौद्योगिकियों को प्रोन्नत करने, जानकारी जुटाने, आत्मसात करने तथा प्रसार करते हुए प्रौद्योगिकियों के बड़े पैमाने पर अनुप्रयोग हेतु सामर्थ्यकारी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना।
- प्रदर्शन संरचना के माध्यम से प्रमाणित, स्थानीय तौर पर उपलब्ध एवं उभरती प्रौद्योगिकियों हेतु पर्यावरण अनुकूल, ऊर्जा दक्ष तथा आपदा रोधी प्रौद्योगिकियों का जमीनी स्तर पर अनुप्रयोग।
- उभरती हुई प्रौद्योगिकी/ प्रणाली सहित प्रमाणित भवन निर्माण सामग्रियों/प्रौद्योगिकियों पर संहिताओं, अनुसूचियों और मानकों का निरुपण।
- लागत प्रभावी एवं नवोन्मेषी भवन निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकियों के लाभ, टिकाऊपन एवं स्वीकार्यता का प्रलेखन।
- क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं, प्रदर्शनियों के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर व्यावसायिकों एवं निर्माण कामगारों के कौशल को संवर्धन करना
- आपदा रोधी निर्माण प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहित करना
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत डेटा संसाधन–एवं–निगरानी केन्द्र (डीएमआरसी) के संचालन कार्य प्रारंभ करने संहित आवास परियोजनाओं का मूल्यांकन, निगरानी तथा तृतीय पक्ष निरीक्षण करना।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत अतिरिक्त बजटीय संसाधन के माध्यम से राष्ट्रीय शहरी आवास निधि (एनयूएचएफ) का क्रियान्वयन
- परियोजना प्रबंधन तथा परामर्शी सेवाएं
- सफलता की कहानियों का दस्तावेजीकरण सहित उपयोगकर्ता पुस्तक, दिशानिर्देश, सार–संग्रह, निर्देशिका, विवरणिका, तकनीकी–व्यवहार्यता रिपोर्ट, वीडियो फिल्म, प्रदर्शन सीडी, इंटरेक्टिव वेबसाइट, ब्लॉग का प्रकाशन।

प्रशासन एवं प्रबंधन

बीएमटीपीसी त्रिस्तरीय प्रणाली को अपनाकर अपने प्रशासनिक एवं तकनीकी दायित्वों का पालन करता है जो निम्नानुसार है:

i. प्रबंधन बोर्ड जिसके अध्यक्ष माननीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री होते हैं
ii. कार्यकारी समिति जिसके अध्यक्ष सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय होते हैं
iii. कार्यकारी निदेशक जो बीएमटीपीसी के प्रमुख होते हैं

परिषद् के प्रबंधन बोर्ड में विभिन्न मंत्रालयों एवं संबंधित संगठनों के 16 सदस्य शामिल हैं। कार्यकारी समिति में आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय, आवास एवं शहरी विकास निगम (हडको), केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) एवं तकनीकी विशेषज्ञों से 9 सदस्य शामिल हैं। प्रबंधन बोर्ड एवं कार्यकारी समिति के सदस्यों की सूची नीचे दी गई है:

प्रबंधन मंडल

(31.3.2021 की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	सदस्यगण	
1	श्री हरदीप सिंह पुरी माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार.), आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	अध्यक्ष
2	श्री दुर्गा शंकर मिश्र सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	उपाध्यक्ष
3	श्री पराग गुप्ता वरिष्ठ सलाहकार (आरडी एवं एचयूए), नीति आयोग, भारत सरकार	सदस्य
4	श्री कामरान रिजवी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आवास एवं शहरी विकास निगम (हडको)	सदस्य
5	श्री बी.बी. स्वैन सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
6	प्रो. आशुतोष शर्मा सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
7	डॉ. इन्द्रजीत सिंह सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
8	श्री जी.वी.वी. शर्मा सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार	सदस्य
9	डॉ. शेखर सी. मांडे, महानिदेशक, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, भारत सरकार	सदस्य
10	श्री वी.के. जायसवाल, महानिदेशक, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत सरकार	सदस्य
11	प्रो. के. एन. सत्यनारायण निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), तिरूपति	सदस्य
12	प्रो. सुधीर कुमार जैन निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गांधीनगर	सदस्य
13	श्री शिव दास मीणा अतिरिक्त सचिव (आवास), आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य

क्र.सं.	सदस्यगण	
14	श्री श्याम एस. दुबे संयुक्त सचिव एवं एफए, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
15	श्री अमृत अभिजात संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (एचएफए) आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
16	डॉ. शैलेश कुमार अग्रवाल कार्यकारी निदेशक, निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद	सदस्य–सचिव

कार्यकारी समिति

(31.3.2021 की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	सदस्यगण	
1	श्री दुर्गा शंकर मिश्र सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	अध्यक्ष
2	श्री शिव दास मीणा अतिरिक्त सचिव (आवास), आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
3	श्री श्याम एस. दुबे संयुक्त सचिव एवं एफए, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
4	श्री अमृत अभिजात संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (एचएफए) आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
5	श्री कामरान रिजवी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आवास एवं शहरी विकास निगम (हडको)	सदस्य
6	डॉ. एन. गोपालकृष्णन निदेशक, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़की	सदस्य
7	प्रो. प्रदिप्ता बनर्जी प्रमुख, सेंटर फार अर्बन साईंस एंड इंजीनियरिंग, डिपार्टमेंट आफ सिविल इंजीनियरिंग, आईआईटी मुंबई	सदस्य
8	श्री जे.एस.गोपीनाथ निदेशक एवं प्रमुख वास्तुकार, जेएसकेएम आर्किटेक्चर, इंटीरियरस क्यूब, हैदराबाद	सदस्य
9	डॉ. शैलेश कुमार अग्रवाल कार्यकारी निदेशक, निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद	सदस्य–सचिव

वर्ष 2020–21 के दौरान मुख्य पहलें और क्रियाकलाप

I. उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए आदर्श प्रदर्शन भवन

1. देश के विभिन्न भागों में उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए प्रदर्शन आवास परियोजनाएं

बीएमटीपीसी प्रदर्शन निर्माण द्वारा प्रौद्योगिकियों की पहचान, मूल्यांकन, मानकीकरण, प्रमाणन, क्षमता निर्माण एवं जमीनी स्तर के अनुप्रयोग के माध्यम से नई एवं वैकल्पिक भवन निर्माण सामग्रियों एवं प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रौद्योगिकी उप–मिशन के तहत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने बीएमटीपीसी के माध्यम से प्रदर्शन आवास परियोजनाओं (डीएचपी) के निर्माण की पहल की है।

देश के विभिन्न हिस्सों में संचालित प्रदर्शन आवास परियोजनाओं के निर्माण का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक प्रौद्योगिकियों के स्थान पर दूसरी प्रौद्योगिकियों को लाने में व्यापक प्रसार और नई/वैकल्पिक और टिकाऊ निर्माण सामग्री और प्रौद्योगिकियों को अपनाने की सुविधा प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त यह विश्वास पैदा करने और देश के विभिन्न भू–जलवायु क्षेत्रों के अनुकूल ऐसी सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए सामर्थ्यकारी माहौल बनाने में भी सहायता करता है, इस प्रकार आवास को अधिक किफायती और सुलभ बनाता है। इससे पूर्व, बीएमटीपीसी नेल्लोर, आंध्र प्रदेश, भुवनेश्वर, ओडिशा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, बिहारशरीफ, बिहार और हैदराबाद, तेलंगाना में प्रदर्शन आवास परियोजनाएं (डीएचपी) पूरी कर चुका है। भुवनेश्वर, लखनऊ और बिहारशरीफ में संबंधित राज्य सरकारों को प्रदर्शन आवास परियोजनाएं (डीएचपी) पहले ही सौंपी जा चुकी हैं। नेल्लोर और हैदराबाद में प्रदर्शन आवास परियोजनाएं (डीएचपी) संबंधित राज्य सरकारों को सौंपे जा रहे हैं।

वर्ष के दौरान बीएमटीपीसी ने पंचकुला, हरियाणा और अगरतला, त्रिपुरा में प्रदर्शन आवास परियोजनाएं (डीएचपी) का निर्माण आरंभ किया। इन परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

पंचकूला, हरियाणा स्थित प्रदर्शन आवास परियोजना

परियोजना की मुख्य विशेषताएं:

- परियोजना का उपयोग: कामकाजी महिला छात्रावास
- नोडल एजेंसी: नगर निगम पंचकुला
- स्थान: सेक्टर 27, पंचकुला
- डीएचपी के लिए भूखंड का क्षेत्रफल: 1412.36 वर्ग मीटर
- कुल कर्वड एरिया: 2015.95 वर्ग मीटर
- इकाइयों/कमरों की संख्या : 40 (जी+3)
- इकाई का कार्पेट एरिया : 21.86 वर्ग मीटर
- प्रत्येक इकाई में शौचालय और रसोईघर के साथ एक कमरा
- अन्य प्रावधानों में अतिथि कक्ष, चिकित्सा कक्ष, केयर टेकर कक्ष, डेकेयर सेंटर, साझा कक्ष/भोजन कक्ष और लॉन्ड्री शामिल हैं।

उपयोग की जा रही तकनीक:

नींव

प्लिंथ बीम के साथ अलग आरसीसी कॉलम फुटिंग

दीवार

- लाइट गेज स्टील फ्रेमवर्क सिस्टम (एलजीएसएफएस) दीवारों के दोनों ओर सीमेंट फाइबर बोर्ड के साथ और रॉक वूल का इंफिल

तल के स्लैब/छत

- वेब जॉइस्ट पर टिकी हुई एमएस डेक शीट के साथ लाइट गेज स्टील रूफ ट्रस और जिप्सम बोर्ड की फाल्स सीलिंग के साथ छत पर कंक्रीट स्क्रीड

काष्टकर्म (लकड़ी का काम) और दीवार सज्जा (फिनिशिंग)

चौखट/शटर:

- फ्लश शटर के साथ दाबित (प्रेस्ड) स्टील चौखट

पंचकुला, हरियाणा में दीवारों के दोनों ओर सीमेंट फाइबर बोर्ड और रॉक वूल के भरान के साथ लाइट गेज स्टील फ्रेमवर्क सिस्टम (एलजीएसएफएस) का उपयोग करते हुए प्रदर्शन आवास परियोजना

- शौचालयों में पीवीसी शटर के साथ पीवीसी चौखट

खिड़की की चौखट/शटरः

- चमकदार (ग्लेज्ड) पैनल और वायर मेश शटर के साथ यूपीवीसी चौखट

फर्शः

- कमरे और रसोई में विट्रिफाइड टाइल फर्श
- स्नानागार और डब्ल्यूसी में एंटी–स्किड सिरेमिक टाइलें
- सार्वजनिक क्षेत्रों में विट्रिफाइड फर्श और सीढ़ी पर ग्रेनाइट पत्थर

दीवार सज्जा/फिनिशिंगः

- बाहरी दीवारों पर वेदर प्रूफ एक्रेलिक इमल्शन पेंट
- अंदरुनी दीवारों पर पीओपी के ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेंपर
- शयन कक्ष में लकड़ी के कप बोर्ड और किचन स्लैब के नीचे लकड़ी के कैबिनेट
- बिजली के फिक्स्चर जैसे पंखे, एलईडी लाइट आदि

अवसंरचना घटक

- फुटपाथों में सीसी सड़कें और पेवर ब्लॉक,
- वर्षा जल संचयन
- सौर सड़क प्रकाश (स्ट्रीट लाइट)
- भूनिर्मित मार्ग (लैंडस्केप कोर्ट)
- एनबीसी मानदंडों के अनुसार अग्नि सुरक्षा प्रावधान

अगरतला, त्रिपुरा में प्रदर्शन आवास परियोजना

परियोजना की मुख्य विशेषताएं

- परियोजना का उपयोग : सामाजिक उद्देश्य
- नोडल एजेंसी : शहरी विकास विभाग, त्रिपुरा
- स्थानः नरसिंहगढ़, पश्चिम त्रिपुरा
- डीएचपी के लिए भूखंड का क्षेत्रफल : 2360 वर्ग मीटर
- कुल कर्वड एरियाः 1833.74 वर्ग मीटर
- इकाइयों/कमरों की संख्याः 40 (जी+1)
- इकाई का कार्पेट एरिया : 21.86 वर्ग मीटर
- प्रत्येक इकाई में शौचालय और पेंट्री के साथ एक कमरा
- अन्य प्रावधानों में अतिथि कक्ष, चिकित्सा कक्ष, केयर टेकर रूम, किचन के साथ साझा भोजन कक्ष और एक्टिविटी रूम शामिल हैं।

उपयोग की जा रही तकनीकः

नींव

- प्लिंथ बीम के साथ अलग आरसीसी कॉलम फुटिंग

दीवार

- स्ट्रिक्चरल स्टे इन प्लेस स्टील फॉर्मवर्क (कॉफर)
- स्लैब/छत कास्ट इन सीटू आरसीसी स्लैब से

काष्टकर्म (लकड़ी का काम) और दीवार सज्जा (फिनिशिंग)

चौखट/शटरः

- फ्लश शटर के साथ दाबित (प्रेस्ड) स्टील चौखट
- शौचालयों में पीवीसी शटर के साथ पीवीसी चौखट

खिड़की की चौखट/शटरः

- चमकदार (ग्लेज्ड) पैनल और वायर मेश शटर के साथ यूपीवीसी चौखट

फर्शः

- कमरे और रसोई में विट्रिफाइड टाइल फर्श
- स्नानागार और डब्ल्यूसी में एंटी–स्किड सिरेमिक टाइलें
- कॉमन एरिया और सीढ़ी में कोटा पत्थर का फर्श

दीवार सज्जा/फिनिशिंगः

- बाहरी दीवारों पर वेदर प्रूफ एक्रेलिक इमल्शन पेंट
- अंदरुनी दीवारों पर पीओपी के ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेंपर
- शयन कक्ष में लकड़ी के कप बोर्ड और किचन स्लैब के नीचे लकड़ी के कैबिनेट
- बिजली के फिक्स्चर जैसे पंखे, एलईडी लाइट आदि

अवसंरचना घटक

- फुटपाथों में सीसी सड़कें और पेवर टाइलें
- वर्षा जल संचयन के लिए प्रावधान
- सौर सड़क प्रकाश (स्ट्रीट लाइट)
- भूनिर्मित मार्ग (लैंडस्केप कोर्ट)
- एनबीसी मानदंडों के अनुसार अग्नि सुरक्षा प्रावधान

अगरतला, त्रिपुरा में स्ट्रक्चरल स्टे इन प्लेस स्टील फॉर्मवर्क (कॉफोर) का उपयोग करते हुए प्रदर्शन आवास परियोजना

पंचकुला, हरियाणा में डीएचपी का निर्माण कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही पूरा होने की संभावना है। अगरतला, त्रिपुरा में डीएचपी में, सभी संरचनात्मक कार्य पूरे कर लिए गए हैं और सज्जा (फिनिशिंग) कार्य प्रगति पर है।

वर्ष के दौरान अहमदाबाद, गुजरात और चिंबेल, गोवा में डीएचपी के निर्माण कार्य का कार्यादेश सीपीपीपी पर बोली प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्रदान किया गया और इसके उपरांत संविदा करार पर हस्ताक्षर किए गए। इन परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

अहमदाबाद, गुजरात में प्रदर्शन आवास

1	परियोजना परियोजना का स्थान	हाथीजन, अहमदाबाद, गुजरात
2	परियोजना का उपयोग	प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को दिया जाएगा।
3	राज्य सरकार द्वारा आवंटित भूखंड का कुल क्षेत्रफल	20000.00 वर्गमीटर
4	डीएचपी के लिए उपयोग किये जाने वाले भूखंड का क्षेत्रफल	2372.00 वर्गमीटर
5	कुल निर्मित क्षेत्र	2056.8 वर्गमीटर (22131.17 वर्गमीटर)
6	मंजिलों / इकाइयों की संख्या	40 (G+3)
7	प्रत्येक इकाई का कार्पेट एरिया	35.78 वर्गमीटर
8	डीएचपी में सम्मिलित घटक	ब्लॉक ए – 16 आवास इकाई – प्रत्येक 50.25 वर्गमीटर ब्लॉक बी एवं सी – 24 आवास इकाई – प्रत्येक 52.20 वर्गमीटर {औसत क्षेत्रफल प्रति इकाई – 51.42 वर्गमीटर (553.28 वर्गफीट) जिसमें बैठक कक्ष, शयन कक्ष, रसोईघर, स्नानागार, शौचालय, लॉबी, बरामदा और धुलाई की जगह सम्मिलित है}
9	अवसंरचना घटक	सड़कें और फुटपाथ, चार दीवारी और गेट, सीवरेज, बाहरी जल आपूर्ति, जल निकासी, पानी की भूमिगत टंकी, वर्षा जल संचयन, बाहरी विद्युतीकरण, सौर स्ट्रीट लाइट, अग्निशमन कार्य, भूनिर्माण, आदि।
10	उपयोग की जाने वाली तकनीक	एकीकृत हाइबर्ड साधन (सोल्यूशन)–एक (एचआईएस–एक)

गोवा में प्रदर्शन आवास परियोजना

1	स्थान	चिंबेल, गोवा
2	परियोजना का उपयोग	वृद्धाश्रम
3	राज्य सरकार द्वारा आवंटित भूखंड का कुल क्षेत्रफल	29275 वर्गमीटर
4	डीएचपी के लिए उपयोग किये जाने वाले भूखंड का क्षेत्रफल	2000 वर्गमीटर
5	कुल निर्मित क्षेत्र	1954.2 वर्गमीटर या 21027.20 वर्गफीट
6	मंजिलों / इकाइयों की संख्या	G+1
7	डीएचपी में सम्मिलित घटक	कमरे (एकल) – 5, कमरे (दो व्यक्तियों के लिए साझा) 2, कमरा (तीन व्यक्तियों के लिए साक्ष) 1, कमरे (चार व्यक्तियों के लिए साझा) 4, कमरा (छः व्यक्तियों के लिए साझा) 1, कमरा (सात व्यक्तियों के लिए साझा) 1, कमरा (दस व्यक्तियों के लिए साझा) 1 अन्य प्रावधान गतिविधि कक्ष (1), पूजा कक्ष (1), रसोई के साथ भोजन कक्ष (1), वाचनालय कक्ष (1), चिकित्सक कक्ष (2), फिजियो थेरेपी कक्ष (1), आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा कक्ष (1), नर्सों के लिए कमरा (1), केयरटेकर कक्ष (1), आरएम (1), कार्यालय (1), किराने की दुकान (1), (लिफ्ट रूम (1) एवं महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग–अलग शौचालय, रैंप



TYPICAL UNIT PLAN

अहमदाबाद, गुजरात में एकीकृत हाइब्रिड सॉल्यूशन-वन (एचआईएस-वन) का उपयोग करते हुए प्रदर्शन आवास परियोजना की लेआउट योजना और विशिष्ट इकाई योजना

चिम्बल, गोवा में दीवार के दोनों ओर प्रीकास्ट कंक्रीट पैनल और इन्फिल के रूप में हल्के वजन वाले कंक्रीट के साथ लाइट गेज स्टील फ्रेमयुक्त संरचना का उपयोग करते हुए प्रदर्शन आवास परियोजना की लेआउट योजना

8	अवसंरचना घटक	सड़कें और फुटपाथ, बाहरी जल आपूर्ति सीवरेज, जल निकास, सेप्टिक टैंक, पानी की भूमिगत टंकी, बोरवेल, वर्षा जल संचयन, बाहरी विद्युतीकरण, सौर स्ट्रीट लाइट, अग्निशमन प्रावधान, भूनिर्माण, गेट के साथ चारदीवारी आदि।
9	उपयोग की जाने वाली तकनीक	दीवार के दोनों ओर प्रीकास्ट कंक्रीट पैनलों के साथ लाइट गेज स्टील फ्रेमयुक्त संरचना और भरान (इनफिल) में हल्के वजनी कंक्रीट

उपरोक्त दोनों डीएचपी के लिए वास्तुशिल्प चित्र तैयार कर संबंधित शहरी स्थानीय निकायों को उनके अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया है। कोविड–19 महामारी के कारण, दोनों डीएचपी पर निर्माण कार्य शीघ्र ही आरंभ होने की संभावना है।

सीएसएमसी के अनुमोदन से, भोपाल, मध्य प्रदेश, गुवहाटी, असम, तिरुपुर, तमिलनाडु और अयोध्या, उत्तर प्रदेश में भी चार प्रदर्शन आवास परियोजनाएं आरंभ की गई हैं। पीएमएवाई–शहरी के सीएसएमसी के विचारार्थ इन चार प्रदर्शन आवास परियोजनाओं (डीएचपी) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई थी। इसके अलावा, संबंधित राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ–साथ इच्छुक राज्यों में प्रदर्शन आवास परियोजनाओं के निर्माण के लिए स्थलों की उपयुक्तता का आकलन करने के लिए क्षेत्र का दौरा किया गया। भोपाल, मध्य प्रदेश में डीएचपी के लिए निविदाएं एनआईसी के सीपीपी पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं और तकनीकी बोलियां खोली गई हैं। प्राप्त बोलियों के तकनीकी मूल्यांकन के उपरांत वित्तीय बोलियां खोली जाएंगी।

गुवहाटी, असम, तिरुपुर, तमिलनाडु और अयोध्या, उत्तर प्रदेश में में डीएचपी के लिए निविदा की तैयारी चल रही है और इसे बोली आमंत्रित करने के लिए एनआईसी के सीपीपी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

इसके अलावा, शेष राज्यों से भी प्रदर्शन आवास परियोजनाओं के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने और अपनी निर्माण परियोजनाओं में उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने का अनुरोध किया जा रहा है।

प्रदर्शन आवास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी और उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रचार के लिए तकनीकी समूह

एसएलएनए के प्रतिनिधि, स्थानीय एलआईटी / एनआईटी / अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञ, शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) और बीएमटीपीसी के इंजीनियर सदस्य को मिलाकर एक तकनीकी समूह का गठन किया गया है जो प्रदर्शन आवास परियोजनाओं (डीएचपी) की प्रगति की निगरानी करेगा और राज्य सरकार के भीतर व्यापक स्वीकार्यता के लिए डीएचपी में उपयोग की जाने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रचार–प्रसार करेगा।

II. प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास (शहरी) मिशन

1. प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के कार्यान्वयन में बीएमटीपीसी की भूमिका

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ''प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) – सबके लिए आवास'' मिशन को क्रियान्वित करने का कार्य कर रही है। भूकंप क्षेत्र IV और जोन V में पड़ने वाले विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में परियोजनाओं के लिए परिषद को मूल्यांकन और निगरानी एजेंसी के रूप में नामित किया गया है इसके अलावा परिषद राज्य स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों की टीपीआईएम समीक्षा और क्षमता निर्माण का कार्य भी करती है। वर्ष के दौरान, परिषद ने मंत्रालय के निर्देश के अनुसार निम्नलिखित क्रियाकलाप किये:

प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी वर्टिकल के तहत परियोजनाओं की डीपीआर डेस्क समीक्षा के साथ स्थलीय समीक्षा

क. सिलचर शहर, असम के लिए पीएमएवाई(यू)–एचएफए के लाभार्थीनीत निर्माण वर्टिकल के तहत 1298 नई आवास इकाईयों के निर्माण से संबंधित डेस्क समीक्षा रिपोर्ट 31 जुलाई, 2020 को मंत्रालय को भेजी गई।

ख. थौबल नगर परिषद (चरण–II), मणिपुर के लिए पीएमएवाई–एचएफए (यू) के लाभार्थीनीत निर्माण वर्टिकल के तहत 1520 नई आवास इकाईयों के निर्माण के लिए डेस्क और स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट, 30 जुलाई, 2020 (डेस्क समीक्षा रिपोर्ट) और 28 सितंबर, 2020 (स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट) को मंत्रालय को भेजी गई।

ग. कोलासिब टाउन, मिजोरम के लिए पीएमएवाई–एचएफए (यू) के लाभार्थीनीत निर्माण वर्टिकल के तहत 871 नई आवास इकाईयों के निर्माण के लिए डेस्क और साइट समीक्षा रिपोर्ट, 6 अगस्त, 2020 को मंत्रालय को भेजी गई।

घ. अगरतला टाउन, त्रिपुरा के लिए पीएमएवाई–एचएफए (यू) के लाभार्थीनीत निर्माण वर्टिकल के तहत 3669 नई आवास इकाईयों के निर्माण के लिए डेस्क और स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट, 30 जुलाई, 2020 (डेस्क समीक्षा रिपोर्ट) और 28 सितंबर, 2020 (स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट) को मंत्रालय को भेजी गई।

ङ. बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में लाभार्थीनीत निर्माण के तहत 30 वर्धित आवास इकाइयों के निर्माण के लिए डेस्क और स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 6 अगस्त, 2020 को मंत्रालय को भेजी गई।

च. पोंटा साहिब, हिमाचल प्रदेश में लाभार्थीनीत निर्माण के तहत 64 नई आवास इकाइयों के निर्माण के लिए डेस्क और स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 6 अगस्त, 2020 को मंत्रालय को भेजी गई।

छ. बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में लाभार्थीनीत निर्माण के तहत 77 वर्धित आवास इकाइयों के निर्माण के लिए डेस्क और स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 10 फरवरी, 2021 को मंत्रालय को भेजी गई।

ज. रुड़की शहर, उत्तरांखड में लाभार्थीनीत निर्माण के तहत 37 वर्धित आवास इकाइयों के निर्माण के लिए डेस्क और स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को मंत्रालय को भेजी गई।

झ. जागीरोड शहर, असम के लिए पीएमएवाई–एचएफए (यू) के लाभार्थीनीत निर्माण वर्टिकल के तहत 863 नये आवासों के निर्माण से संबंधित डेस्क एवं स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को मंत्रालय को भेजी गई।

ञ. करीमगंज शहर, असम के लिए पीएमएवाई–एचएफए (यू) के लाभार्थीनीत निर्माण वर्टिकल के तहत 3330 नये आवासों के निर्माण से संबंधित डेस्क एवं स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को मंत्रालय को भेजी गई।

ट. नम्बोल नगर परिषद (चरण-II), मणिपुर के लिए पीएमएवाई–एचएफए (यू) के लाभार्थीनीत निर्माण वर्टिकल के तहत 2325 नये आवासों के निर्माण से संबंधित डेस्क एवं स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को मंत्रालय को भेजी गई।

ठ. मोकोकचुंग टाउन (चरण–II), नागालैंड में लाभार्थी के नेतृत्व वाले निर्माण के तहत 95 एन्हांसमेंट डीयू के निर्माण के लिए डेस्क और साइट जांच रिपोर्ट, 31 मार्च, 2021 को मंत्रालय को अग्रेषित की गई। मोकोकचुंग शहर (चरण–II), नागालैंड में लाभार्थीनीत निर्माण के तहत 95 वर्धित आवास इकाइयों के निर्माण के लिए डेस्क और स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को मंत्रालय को भेजी गई।

ड. वोखा शहर (चरण-II), नागालैंड के लिए पीएमएवाई–एचएफए (यू) के लाभार्थीनीत निर्माण वर्टिकल के तहत 1307 नये आवासों के निर्माण से संबंधित डेस्क एवं स्थलीय समीक्षा रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को मंत्रालय को भेजी गई।

प्रौद्योगिकी उप-मिशन

''देश की भू–जलवायुवीय एवं जोखिम परिस्थितियों के अनुसार त्वरित और किफायती आवास निर्माण हेतु टिकाऊ प्रौद्योगिकीय साधन'' उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ ''सबके लिए आवास (शहरी) मिशन'' के अंतर्गत प्रौद्योगिकी उप–मिशन की स्थापना की गई है। प्रौद्योगिकी उप–मिशन आवासों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु आधुनिक, नवोन्मेषी एवं हरित प्रौद्योगिकियां अपनाने में सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त यह मिशन, आईआईटी/ एनआईटी/ एसपीए की साझेदारी से प्रौद्योगिकी विभिन्न राज्यों/ शहरों में आपदा रोधी एवं पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में भी मदद करता है। बीएमटीपीसी तकनीकी उप मिशन के सचिवालय की भांति काम कर रहा है।

प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रौद्योगिकी उप–मिशन की चौथी बैठक – शहरी (सभी मिशन के लिए आवास) 10 नवंबर 2020 को तत्कालीन संयुक्त सचिव और मिशन निदेशक (एचएफए), आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अमृत अभिजात की अध्यक्षता में निर्माण भवन, नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी। अध्यक्ष ने तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से प्रौद्योगिकी उप–मिशन के एजेंडे को आगे बढ़ाने और नवीन प्रौद्योगिकियों के अवशोषण और ऊष्मायन के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर जोर दिया। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी की परिकल्पना की गई है। यह सुझाव दिया गया था कि प्रौद्योगिकी उप–मिशन को इन नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी सुझाव देना चाहिए जो आपदा प्रतिरोधी और टिकाऊ भी हैं। तत्कालीन संयुक्त सचिव और मिशन निदेशक (एचएफए), आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रौद्योगिकी उप–मिशन (टीएसएम) की 5वीं बैठक और 6वीं बैठक क्रमशः 3 फरवरी, 2021 और 25 फरवरी, 2021 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।

3 फरवरी, 2021 को नई दिल्ली में संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (सबके लिए आवास), आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में आयोजित प्रधान मंत्री आवास योजना – शहरी के तहत प्रौद्योगिकी उप-मिशन (टीएसएम) की 5वीं बैठक

25 फरवरी, 2021 को नई दिल्ली में संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (सबके लिए आवास), आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में आयोजित प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी के तहत प्रौद्योगिकी उप-मिशन (टीएसएम) की 6वीं बैठक

सीपीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण में नई व उभरती प्रौद्योगिकियों का अंगीकरण

राज्य सरकारों के द्वारा वैकल्पिक एवं उभरती प्रौद्योगिकियां अपनाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने सीपीडब्लूडी, बीआईएस तथा राज्य शासनों के विभागों को अभिप्रेरित किया कि अधिसूचनाएं, परिपत्रों तथा एसओआरएस, विनिर्दिष्टों आदि को जारी करें जो कि राज्य सरकारों को आवास परियोजनाओं में इन नई निर्माण प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए अधिकृत करें।

इस दिशा में सीपीडब्ल्यूडी ने सभी 54 प्रौद्योगिकियों को अनुमोदित कर लिया है, जिन्हें आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज–इंडिया (जीएचटीसी–इंडिया) के तहत चुना गया था। इन प्रौद्योगिकियों को स्थान और लागत पर ध्यान दिये बिना भविष्य की परियोजनाओं में अपनाया जाना है। देखें ओएम सं. 17/एसई (टीएएस)/बीएमटीपीसी/2020/381 दिनांक 23.09.2020।

वैश्विक आवास प्रौद्योगिकी चुनौती-भारत (जीएचटीसी-इंडिया) के तहत चुनी गई उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए लाइट हाउस परियोजनाएं

मंत्रालय द्वारा परिषद को वैश्विक आवास प्रौद्योगिकी चुनौती – भारत (जीएचटीसी–इंडिया) के तकनीकी भागीदार के रूप में नामित किया गया है और संबंधित राज्य सरकारों के साथ गहन समन्वय करते हुए हल्की आवास परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भी नामित किया गया है। जीएचटीसी–इंडिया के तहत भविष्य की संभावित टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के साथ–साथ नवोन्मेषी और वैकल्पिक निर्माण प्रौद्योगिकियां प्रमाणित की गई थी। छः व्यापक श्रेणियों में 54 प्रमाणित प्रौद्योगिकियों को चुना गया था। इन प्रमाणित प्रौद्योगिकियों को छः व्यापक श्रेणियों में से प्रत्येक से अलग–अलग तकनीकों का उपयोग करते हुए, छः स्थानों, इंदौर, राजकोट, चेन्नई, रांची, अगरतला और लखनऊ में छः लाइट हाउस परियोजनाओं (एलएचपी) का निष्पादन करते हुए प्रदर्शित किया जा रहा है। इन छः लाइट हाउस परियोजनाओं की आधारशिला 1 जनवरी, 2021 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा रखी गई थी।

जीएचटीसी-इंडिया के तहत चुने गए छह व्यापक श्रेणियों में से प्रत्येक से अलग-अलग तकनीकों का उपयोग करते हुए चेन्नई, इंदौर, राजकोट, लखनऊ, अगरतला और रांची नामक छह स्थानों पर लाइट हाउस परियोजनाएं (एलएचपी)

बीएमटीपीसी किसी भी प्रश्न के समाधान और एलएचपी के सुचारू संचालन के लिए मंत्रालय के साथ गहन समन्वय करते हुए एजेंसियों के साथ नियमित रूप से निगरानी और वार्तालाप कर रहा है। ये एलएचपी समूचे भारत में नवोन्मेषी और हरित निर्माण प्रथाओं को स्थापित करने के लिए जीवंत प्रयोगशालाओं के रूप में कार्य करेंगे और इन प्रणालियों को भविष्य की निर्माण प्रणालियों के रूप में स्थापित करने में भी सहायता करेंगे।

छः विशिष्ट प्रौद्योगिकियों पर लघु फिल्मों की तैयारी

लाइट हाउस परियोजनाओं (एलएचपी) के शिलान्यास समारोह के दौरान छः लाइट हाउस परियोजनाओं (एलएचपी) में उपयोग की जा रही प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए, परिषद ने (i) प्री–इंजीनियर्ड स्टील स्ट्रक्चरल सिस्टम (इंदौर, मध्य प्रदेश), (ii) लाइट गेज स्टील स्ट्रक्चरल सिस्टम (अगरतला, त्रिपुरा), (iii) मोनोलिथिक कंक्रीट कंस्ट्रक्शन सिस्टम – टनल फॉर्म (राजकोट, गुजरात), (iv) प्रीकास्ट कंक्रीट कंस्ट्रक्शन सिस्टम (चेन्नई, तमिलनाडु), (v) प्री–इंजीनियर्ड स्टील स्ट्रक्चरल सिस्टम के साथ स्टे इन प्लेस फॉर्मवर्क सिस्टम (लखनऊ, उत्तर प्रदेश) और (vi) प्रीकास्ट कंक्रीट कंस्ट्रक्शन – 3डी वॉल्यूमेट्रिक (रांची, झारखंड) के साथ प्रीफैब्रिकेटेड सैंडविच पैनल सिस्टम पर लघु फिल्में तैयार करने में तकनीकी सहायता प्रदान की।

जीएचटीसी-इंडिया के तहत चुने गए 54 उभरती निर्माण प्रणालियों के नवोन्मेषी उभरती प्रौद्योगिकियों पर सार-संग्रह की तैयारी

बीएमटीपीसी ने एचएफए निदेशालय के समग्र मार्गदर्शन में नवोन्मेषी उभरती प्रौद्योगिकियों पर सार–संग्रह तैयार किया है जिसमें वैश्विक आवास प्रौद्योगिकी चुनौती–भारत (जीएचटीसी–इंडिया) के तहत चुनी गई 54 उभरती निर्माण प्रणालियां शामिल हैं। 1 जनवरी, 2021 को शिलान्यास समारोह के दौरान माननीय प्रधान मंत्री द्वारा इस सार–संग्रह का विमोचन किया गया। परिषद ने इस सार–संग्रह पर एक लघु फिल्म तैयार करने में एचएफए निदेशालय की भी सहायता की, जिसे समारोह के दौरान प्रदर्शित भी किया गया था।

जीएचटीसी-इंडिया के तहत किफायती टिकाऊ आवास उत्प्रेरक (आशा-इंडिया) के लिए उत्प्रेरक कार्यशाला पर लघु फिल्म की तैयारी

परिषद ने जीएचटीसी–इंडिया के तहत किफायती टिकाऊ आवास उत्प्रेरक (आशा–इंडिया) के लिए उत्प्रेरक कार्यशाला पर एक लघु फिल्म तैयार करने में एचएफए निदेशालय की सहायता की। 1 जनवरी, 2021 को शिलान्यास समारोह के दौरान माननीय प्रधानमंत्री ने उत्प्रेरण सहयता वर्ग के तहत पोस्ट प्रोटोटाइप टेक्नोलॉजीज के विजेताओं की सहायता की यथा सालटेक डिजाइन लैब्स, अहमदाबाद, ग्रीन फॉर्म्स, फरीदाबाद, गोहेम्प एग्रोवेंचर्स, कंडवाल गांव, उत्तराखंड, गौडा–टॉर्गसन हुमेंगी बिल्डिंग सिस्टम इंडिया, गुरुग्राम और प्रशाक टेक्नो एंटरप्राइजेज, पुणे।

किफायती किराया आवास परिसर (एआरएचसी)

परिषद ने किफायती किराया आवास परिसर (एआरएचसी) योजना के तहत तकनीकी सेवाएं प्रदान की हैं। परियोजनाओं के मूल्यांकन और निगरानी, निधि जारी करना, समर्पित वेबसाइट के विकास और रखरखाव, प्रलेखन और रिकॉर्ड के रखरखाव, दिशानिर्देशों की छपाई और अन्य आईईसी सामग्री के संबंध में एआरएचसी के प्रभावी और कुशल संचालन के लिए बीएमटीपीसी में उपयुक्त ढांचा तैयार किया जाएगा।

टेक्नोग्राही के लिए ऑनलाइन नामांकन अभियान

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने सभी पणधारकों के लिए लाइट हाउस परियोजनाओं का दौरा करने के लिए स्वयं को पंजीकृत करने, नवीनतम नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सीखने, अपनी स्थानीय जरूरतों और संदर्भों के अनुसार नवोन्मेष और अनुकूलन करने के लिए एक ऑनलाइन नामांकन अभियान आरंभ किया है, चूंकि नई निर्माण प्रौद्योगिकियों के टेक्नोग्राहियों को ''मेक इन इंडिया'' के रूप में अपनाया जाना है। टेक्नोग्राही नवोनमेषी और टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के परिवर्तनकारी एजेंट हैं। वे आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को पूरा करने के लिए नए शहरी भारत के लिए शहरी परिदृश्य को बदलने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे। एलएचपी में नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों के उपयोग के विभिन्न चरणों के साथ–साथ स्थलेत्तर कार्यशालाओं/वेबिनार, वेबकास्टिंग, तकनीकी जानकारी/मॉड्यूल आदि पर सलाह देते हुए टेक्नोग्राहियों को ऑनसाइट गतिविधियों के माध्यम से नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकियों से अवगत कराया जाएगा। बीएमटीपीसी टेक्नोग्राही कार्यक्रम का कार्यान्वयन में तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है।

डेटा संसाधन सह निगरानी केन्द्र (डीआरएमसी)

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कार्यों की निगरानी एवं डेटा विश्लेषण, संकलन तथा प्रसारण व इलेक्ट्रोनिक रूप में आवधिक रिपोर्ट तैयार करने एवं अनुकूल तरीके में स्थल का दौरा/भौतिक सत्यापन करने के लिए बीएमटीपीसी के माध्यम से एक डेटा संसाधन सह निगरानी केंद्र (डीएमआरसी) स्थापित किया है एवं दैनिक आधार पर डेटा संकलन, विश्लेषण, एवं विभिन्न आवास एवं अवसरंचना रिपोर्ट तैयार करने, निर्माण की प्रगति इत्यादि को सुगम बनाने के उद्देश्य से निर्माण भवन में मिशन निदेशालय के तहत निगरानी प्रकोष्ठ भी स्थापित किया गया है।

किफायती टिकाऊ आवास उत्प्रेरक (आशा-इंडिया)

जीएचटीसी–इंडिया के तहत, किफायती टिकाऊ आवास उत्प्रेरक (आशा–इंडिया) के माध्यम से चिन्हित संभावित भावी प्रौद्योगिकियों को ऊष्मायन और त्वरण की भी योजना बनाई गई है। 18 जनवरी, 2021 को आशा–इंडिया उत्प्रेरक विजेताओं के लिए विश्व संसाधान संस्थान (डब्ल्यूआरआई) के साथ बीएमटीपीसी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। उनके उत्पाद/प्रौद्योगिकी की स्वीकृति, प्रौद्योगिकी में और सुधार, मंत्रालय/बीएमटीपीसी/डब्ल्यूआरआई से अपेक्षाएं, यदि कोई हों, पर सभी संभावित समर्थनों के आश्वासन के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

III. राष्ट्रीय शहरी आवास निधि (एनयूएचएफ) का क्रियान्वयन

मंत्रिमंडल के अनुमोदन से बीएमटीपीसी में एक राष्ट्रीय शहरी आवास निधि (एनयूएचएफ) का सृजन किया है जो ऋणदाता एजेंसियों या वित्तीय संस्थानों से ऋण एकत्रित कर रहा है। एनयूएचएफ के लिए अतिरिक्त बजटीय संस्थानों (ईबीआर) द्वारा जुटाई गई निधियां बीएमटीपीसी को ऋण के रूप में प्राप्त हो रही है जिसको आगे केंद्रीय सहायता के रूप में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संवितरित किया जा रहा है साथ ही नियंत्रक मंत्रालय के आदेशानुसार मिशन के सीएलएसएस वर्टिकल के अंतर्गत केन्द्रीय नोडल एजेंसियों (सीएनएज) को सब्सिडी के रूप में दिया जा रहा है।

वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान एनएसएसएफ से ईबीआर के रूप में 10,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं और इसे आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी संस्वीकृति पत्रों के अनुसार वितरित किया गया है। इसके अलावा, वर्ष के दौरान, ईबीआर पर ब्याज के भुगतान के लिए 4147.84 करोड़ रुपये (लगभग) प्राप्त हुए हैं और इसे हडको और एनएसएसएफ को संवितरित कर दिया गया है।

उपरोक्त के अलावा मार्च 2018 से मार्च 2021 तक एनएसएसएफ और हडको से ईबीआर के रूप मे 33,000 करोड़ रुपये एवं क्रमशः 20,000 करोड़ रुपये (कुल 53,000 करोड़ रुपये) प्राप्त हुए हैं और इसे आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी संस्वीकृति पत्रों के अनुसार वितरित कर दिया गया है।

IV. आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन

1. भारत की अतिसंवेदनशीलता एटलस पर ई-पाठ्यक्रम

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, परिषद ने भारत की अतिसंवेदनशीलता मानचित्र के तीसरे संस्करण का डिजिटल संस्करण प्रकाशित किया है, जिसका 2 मार्च, 2019 को वैश्विक आवास प्रौद्योगिकी चुनौती–भारत (जीएचटीसी–इंडिया), के अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विमोचन किया गया था। भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र के तीसरा संस्करण पूरे देश के लिए मौजूदा खतरे के परिदृश्य का संकलन है और भूकंप, आंधी और बाढ़ के संबंध में अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की जिले–वार पहचान के लिए डिजीटलीकृत राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश–वार खतरा मानचित्र प्रस्तुत करता है।

इसके उपरांत, बीएमटीपीसी ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एसपीए), नई दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र पर ई–पाठ्यक्रम विकसित किया। पाठ्यक्रम का शुभारंभ माननीय मंत्री जी द्वारा किया गया। यह ई–पाठ्यक्रम योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली और भवन निर्माण एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद् (बीएमटीपीसी), नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से पेश किया जा रहा है। भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र पर ई–पाठ्यक्रम का पंजीकरण एसपीए की वेबसाइट www.spa.ac.in और ecourse.bmtpc.org. के माध्यम से किया जाता है। यह एक बुनियादी ई–लर्निंग कोर्स है जो प्राकृतिक खतरों के बारे में जागरूकता और समझ प्रदान करता है, विभिन्न खतरों (भूकंप, चक्रवात, भूस्खलन, बाढ़, आदि) के संबंध में अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने में सहायता करता है और मौजूदा आवास स्टॉक के नुकसान के जोखिम के जिलेवार स्तर को विनिर्दिष्ट करता है। यह ई–पाठ्यक्रम वास्तुकला, सिविल इंजीनियरिंग, शहरी और क्षेत्रीय योजना, आवास एवं अवसंरचना योजना, निर्माण अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन और निर्माण एवं निर्माण सामग्रियों के शोध के क्षेत्र में प्रभावी और कुशल आपदा न्यूनीकरण और प्रबंधन के लिए एक उपकरण होगा। दिनांक 31.03.2021 तक 770 व्यक्तियों ने इस ई–पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराया और प्रतिभागियों द्वारा पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर उन्हें ई–प्रमाण पत्र दिए जाते हैं।

भारत के सुभेद्यता एटलस पर ई-पाठ्यक्रम की वेबसाइट
https://ecourse.bmtpc.org

बीएमटीपीसी विभिन्न पणधारकों, शैक्षणिक संस्थानों और विभागों के साथ इस पाठ्यक्रम को करने के लिए उनके इंजीनियरों और वास्तुविदों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। साथ ही, निविदा दस्तावेजों में भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र को शामिल करने के लिए एक खंड तैयार किया गया है जिसे आपदा प्रतिरोधी निर्माण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भविष्य की परियोजनाओं में शामिल किया जा सकता है।

2. भारत की अतिसंवेदनशीलता एटलस पर वेबिनार का आयोजन

भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र का तीसरा संस्करण पूरे देश के लिए मौजूदा खतरे के परिदृश्य का संकलन है और और भूकंप, आंधी और बाढ़ के संबंध में अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की जिले–वार पहचान के लिए डिजीटलीकृत राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश–वार खतरा मानचित्र प्रस्तुत करता है। इस संस्करण में आंधी–तूफान, चक्रवात एवं भू–स्खलन के लिए अतिरिक्त डिजिटलीकृत मानचित्र शामिल किये गये हैं। यह मानचित्र जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार, दीवार निर्माण एवं छत निर्माण पर आधारित मकानों की जिले–वार संवेदनशीलता जोखिम तालिका भी प्रस्तुत करता है। यह मानचित्र न केवल लोगों के लिए उपयोगी साधन है बल्कि शहरी प्रबंधकों, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन से जुड़े राज्य एवं राष्ट्रीय प्राधिकरणों के लिए भी अत्यंत लाभदायक है।

भारत का अतिसंवेदनशीलता मानचित्र विभिन्न पणधारकों की व्यापक पहुंच के लिए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात http://mohua.gov.in एवं https://ghtc-india.gov.in/ पर लिंक के साथ बीएमटीपीसी की वेबसाइट http://www.bmtpc.org पर भी उपलब्ध है।

भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र एवं आपदा प्रतिरोधी डिजाइन और निर्माण प्रथाओं के बारे में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से परिषद ने 9 नवंबर, 2020 को उत्तरी क्षेत्र के एसएलएनए के लिए, 19 नवंबर, 2020 को उत्तर–पूर्वी क्षेत्र से एसएलएनए के लिए और 2 दिसंबर, 2020 को एनएमआईटी बैंगलोर के लिए भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र पर ई–पाठ्यक्रम पर वेबिनार का आयोजन किया। एनडीएमए ने भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र की बहु–जोखिम प्रतिरोधी विशेषताओं पर पैनल चर्चा भी आयोजित की।

9 नवंबर, 2020, 19 नवंबर, 2020 और 2 दिसंबर, 2020 को आयोजित भारत के संवेदनशीलता मानचित्र पर ई–पाठ्यक्रम पर वेबिनार की झलक

3. आपदा से सुरक्षित ग्रामीण आवास पर वेबिनार का आयोजन

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने बीएमटीपीसी के सहयोग से 26 फरवरी, 2021 को डेढ़ घंटे की अवधि के लिए ''आपदा से सुरक्षित ग्रामीण आवास'' नामक वेबिनार सत्र का आयोजन किया। इस वेबिनार का विषय पीएम 10 सूत्रीय एजेंडा के संख्या 5, 8 और 9 के अनुपालन में था जो डीआरआर प्रभावों के लिए दक्षता बढ़ाने, स्थानीय क्षमता निर्माण और पिछले अनुभवों से सबक सीखने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के महत्व पर प्रकाश डालते हैं।

वर्षों से, ग्रामीण बस्तियाँ, विशेष रूप से विकासशील देशों में, जैव–भौतिक और सामाजिक असुरक्षा दोनों के कारण प्राकृतिक खतरों के प्रति अनुपातहीन रूप से असुरक्षित हैं। जब आपदा आती है तो सबसे अधिक तबाही हमारे देश के मुख्य रूप से निर्माण की खराब गुणवत्ता, अकुशल राजमिस्त्री द्वारा निष्पादित गैर–इंजीनियर निर्माण और विशेष रूप से नगरपालिका सीमाओं के बाहर नियामक ढांचे की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों को प्रभावित करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा से निपटने के लिए लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए कठोर क्षमता निर्माण पहल के साथ सामुदायिक जागरूकता और तथा जोखिम के प्रति संवेदनशील बनाये जाने की आवश्यकता है।

इस वेबिनार का मुख्य उद्देश्य (1) आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छे निर्माण प्रथाओं का पालन करने की आवश्यकता पर चर्चा करना, (2) भारत में ग्रामीण निर्माण में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करना, (3) ग्रामीण समुदायों के बीच इसे लोकप्रिय बनाने के लिए कुछ अच्छे पारंपरिक निर्माण प्रथाओं और तरीकों पर चर्चा करना, (4) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आगजनी के खतरों को उन्मूलन करने उपायों पर चर्चा करना, और (5) लचीले निर्माण के लिए हमारे प्रतिभागियों में जागरूकता लाना था। इस वेबिनार में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

4. भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र पर डेटा साझा करना

परिषद ने भूकंप, आंधी–तूफान/चक्रवात, बाढ़ आदि के संबंध में विभिन्न आधार मानचित्रों को डिजिटलीकृत करके आर्कजीआईएस प्लेटफॉर्म पर भारत का अतिसंवेदनशीलता मानचित्र तैयार किया है। परिषद ने भूस्खलन के अलावा डाटासेट से भूस्खलन की घटनाओं के नक्शे और आंधी–तूफान की घटना के नक्शे बनाए गए थे। इन नक्शों में अब संबंधित खतरों और उससे संबद्ध जानकारी के लिए कई परतें शामिल हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) ने बीएमटीपीसी से भारत के अतिसंवेदनशीलता मानचित्र के तीसरे संस्करण में दिये गये खतरे की परतों की जीआईएस आकार की फाइलों को साझा करने का अनुरोध किया है।

आपदा न्यूनीकरण और प्रबंधन से निपटने वाली प्रमुख सरकारी एजेंसी होने के कारण निम्नलिखित फाइलें साझा की गईं:

1. भूकंप के खतरे के नक्शे – जीआईएस फाइलें
2. तूफान/चक्रवात के खतरे के नक्शे – जीआईएस फाइलें
3. बाढ़ के खतरे के नक्शे – जीआईएस फाइलें
4. भूस्खलन घटना मानचित्र – डेटाबेस फाइल
5. आंधी–तूफान घटना मानचित्र – डेटाबेस फाइल
6. अतिसंवेदनशीलता जोखिम तालिकाएँ – एक्सेल फाइल

भारत में आपदा संभावित क्षेत्रों से संबंधित आंकड़ों को साझा करने से इन संगठनों को प्राकृतिक आपदा मानचित्रण करने और आकलन करने में काफी सहायता मिली।

V. निर्माण क्षेत्र में सूचना और डाटाबेस आधार का सुदृढ़ीकरण

1. निर्माण सारिका – बीएमटीपीसी न्यूज़लेटर के विशेषांक का प्रकाशन

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने विगत वर्षों की भांति विश्व पर्यावास 2020 दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर बीएमटीपीसी ने संयुक्त राष्ट्र के द्वारा चुने गये ''सबके लिए आवास : बेहतर शहरी भविष्य'' विषय पर अपने सूचना दर्शिका ''निर्माण सारिका'' का विशेषांक निकाला। इस विशेषांक में विश्व पर्यावास दिवस के विषय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और इसके साथ ही साथ परिषद् के क्रियाकलापों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आवासन एवं शहरी कार्य ने 05 अक्तूबर, 2020 को आयोजित विश्व पर्यावास दिवस, 2020 के समारोह के अवसर पर, निर्माण सारिका" का विमोचन किया।



2. उभरती निर्माण प्रणाली पर लघु पुस्तिका का प्रकाशन – तृतीय संस्करण

बीएमटीपीसी निरंतर वैकल्पिक लागत प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल, ऊर्जा दक्ष और आपदा प्रतिरोधी प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे रहा है। बीएमटीपीसी ने भारतीय भू–जलवायु परिस्थितियों के लिए उपयुक्त उभरती और वैकल्पिक लागत प्रभावी प्रौद्योगिकियों का अध्ययन/चयन करने की पहल की और देश के विभिन्न हिस्सों में सरकार की विभिन्न आवास योजनाओं के तहत आवास परियोजनाओं में राज्य सरकारों को इन प्रौद्योगिकियों को क्रियान्वित करने की वकालत की।

नई उभरती प्रौद्योगिकियों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से बीएमटीपीसी ने आम आदमी सहित पेशेवरों को संवेदनशील बनाने की दृष्टि से उभरती निर्माण प्रणालियों पर लघु पुस्तिका का तीसरा संस्करण प्रकाशित किया। इस संशोधित लघु पुस्तिका में 36 उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में सामान्य जानकारी सचित्र रूप में प्रस्तुत की गई है।

5 अक्टूबर, 2020 को नई दिल्ली में आयोजित विश्व पर्यावास दिवस समारोह के दौरान आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हरदीप एस. पुरी द्वारा उभरते निर्माण प्रणालियों पर इस लघु पुस्तिका का विमोचन किया गया।

3. कार्य-निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणन योजना (पीएसीएस) पर पुस्तिका का प्रकाशन

तेजी से बदलते बाजार परिदृश्य और तकनीकी विकास के साथ, भवन निर्माण बाजार में बड़ी संख्या में निरंतर नई निर्माण सामग्री, उत्पाद, घटक और संघटक उभर रहे हैं। वास्तुकला/अभियंता निर्माण एजेंसियों, भवन निर्माताओं और अन्य ग्राहकों को अक्सर नई निर्माण सामग्री, उत्पादों, घटकों और प्रणालियों की गुणवत्ता, स्थायित्व, सेवाक्षमता और प्रदर्शन से जुड़े अनेक प्रकार के प्रश्नों का सामना करना पड़ता है।

हालांकि भारत में निर्माण सामग्री और निर्माण प्राद्योगिकियों पर राष्ट्रीय मानकों की स्थिति कई विकासशील और यहां तक कि कुछ विकसित देशों से कहीं बेहतर है, लेकिन मानकीकरण की प्रक्रिया में समय लगता है और मानकों को तैयार करने से पहले सामग्री के क्षेत्र के कार्य–निष्पादन के समर्थन की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, ऐसे मानक सामान्य गुणवत्ताओं और गुणों को आत्मसात करते हैं जो प्रत्येक उभरती हुई निर्माण सामग्री/ प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने के लिए व्यापक रूप से पर्याप्त नहीं हो सकते हैं अतः बड़ी संख्या में निर्माण उत्पादों, घटकों और सघंटकों को श्रेष्ठता के कई दावों के साथ विपणन किया जा रहा है जिन्हें या तो प्रासंगिक मानकों की अनुपलब्धता या परीक्षण और मूल्यांकन विधियों की कमी के कारण प्रमाणित नहीं किया जा सकता है/या उत्पादों की मालिकाना प्रकृति उनके चरित्र, डिजाइन इत्यादि के बारे में ज्यादा पता नहीं लगाया जा सकता है। औद्योगिकृत राष्ट्रों में बड़ी संख्या में अपने जाने वाली प्रथा के अनुसार, ऐसी स्थिति में वास्तुकारों, अभियंताओं, भवन निर्माताओं और निर्माण सामग्री, उत्पादों और निर्माण प्रणालियों के अन्य उपयोगकर्ताओं का मार्गदर्शन करने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा कार्य–निष्पादन मूल्यांकन/मूल्यांकन प्रमाणन सेवाएं उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता पड़ती है।

उपरोक्त पृष्ठभूमि के साथ, तत्कालीन शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय (अब आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय), भारत सरकार ने राजपत्र अधिसूचना के तहत बीएमटीपीसी को उन नई निर्माण सामग्री, घटक, उत्पाद, तत्व, निर्माण प्रणाली और कोडांतरण को अपेक्षित उपयोग पर फिटनेस के बारे में स्वतंत्र राय देने के संबंध में कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाण पत्र (पीएसी) जारी करने के लिए अधिकृत किया है, जिन्हे अभी तक भारतीय मानक द्वारा शामिल नहीं किया गया है। इस योजना में उत्पाद के प्रदर्शन को प्रमाणित करने के लिए तीसरे पक्षकार के प्रमाणीकरण का प्रावधान है और इस प्रक्रिया में, यह बाद की तारीख में भारतीय मानक तैयार करने के लिए आवश्यक पर्याप्त डेटा उपलब्ध कराती है। बीएमटीपीसी ने अब तक विभिन्न नई सामग्रियों और निर्माण प्रणालियों के लिए 73 कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणपत्र (पीएसी) जारी किए हैं।

पीएसीएस को नई गति देने के लिए, बीएमटीपीसी ने पीएसीएस पर व्याख्यात्मक पुस्तिका का अद्यतित संस्करण प्रकाशित किया जिसमें पीएसीएस के सभी पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया गया है और योजना के बारे में संभावित आवेदकों के लाभार्थ विभिन्न संदेहों को दूर करता है।

5 अक्टूबर, 2020 को नई दिल्ली में आयोजित विश्व पर्यावास दिवस समारोह के दौरान आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हरदीप एस. पुरी द्वारा इस व्याख्यात्मक पुस्तिका का विमोचन किया गया।

4. मानकीकरण एवं उत्पाद मूल्यांकन

कार्य-निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणीकरण योजना (पीएसीएस)

बीएमटीपीसी द्वारा चलाई जा रही कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणीकरण योजना (भारत का गजट सं. 49 दिनांक 4 दिसंबर, 1999 में गजट अधिसूचना सं. I-16011/5/99 H-II) किसी उत्पाद के विनिर्माताओं या संस्थापकों के लिए एक तृतीय पक्षीय स्वैच्छिक योजना है। इस योजना में मूल्यांकन की उचित प्रक्रिया पश्चात निर्माण सामग्री, उत्पाद, संघटक, तत्व एवं प्रणाली आदि का मूल्यांकन सम्मिलित है।

चूंकि यह योजना उत्पादों/प्रणालियों के लिये चलाई जा रही है जहां कोई प्रासंगिक भारतीय मानकीकरण उपलब्ध नहीं है अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि सबसे पहले कार्य–निष्पादन मूल्यांकन के लिये अपेक्षित विनिर्देश पर काम किया जाए। उन मदों के लिए जहां भारतीय संहिताएं उपलब्ध नहीं हैं, अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं का भी संदर्भ लिया जा रहा है। कुछ मामलों में, विनिर्माताओं द्वारा संस्तुत विनिर्देशों को गुणवत्ता एवं कार्य–निष्पादन में सुधार लाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं के आधार पर संशोधित किया जाना है।

विभिन्न राज्य, उनके आवास बोर्ड एवं अन्य विभाग भी अपने राज्यों में जन आवास के निर्माण हेतु उभरती प्रौद्योगिकियों एवं सामग्रियों को बढ़ावा दे रहे हैं एवं उनका उपयोग कर रहे हैं। इस तरह पीएसीएस, जन आवास में उभरती प्रौद्योगिकियों की शुरूआत के एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है।

पीएसीएस का अनुमोदन

कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणीकरण (पीएसी) के अनुमोदन के प्रयोजनार्थ गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीएसी) ने 16 जनवरी, 2021 को आयोजित अपनी 17वीं बैठक में निम्नलिखित नए उत्पादों/प्रणालियों के लिए पीएसीएस जारी करने का अनुमोदन किया है:

1. डालमिया मैजिक प्रीमियम स्किम कोट
2. कंक्रीट प्रबलित आटोक्लेव वातित कंक्रीट पैनल
3. पीयूएफ का उपयोग करके फैक्ट्री में तैयार इंसुलेटेड सैंडविच पैनल
4. फैक्टरी ने मिनरल–वूल का उपयोग करके फैक्ट्री में तैयार इंसुलेटेड सैंडविच पैनल

पीएसीएस के नवीकरण का अनुमोदन

तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीएसी) ने 16 जनवरी, 2021 को आयोजित अपनी 17वीं बैठक में निम्नलिखित उत्पादों/प्रणालियों के लिए पीएसीएस का नवीकरण करने का अनुमोदन किया:

1. स्टे–इन–प्लेस पीवीसी वाल फॉर्म्स
2. संरचनागत स्टे इन प्लेस फार्मवर्क प्रणाली
3. क्विकबिल्ड पैनल
4. प्रीकॉस्ट निर्माण प्रौद्योगिकी
5. बांस की लकड़ी के उत्पाद

कोविड–19 महामारी की स्थिति को देखते हुए भौतिक स्वरूप में निरीक्षण करने के स्थान पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निरीक्षण किया जा रहा है।

पीएसीएस के निगर्मन हेतु प्रक्रियाधीन आवेदन

पीएसीएस जारी करने से संबंधित आगे की प्रक्रिया हेतु निर्माताओं से निम्नलिखित नए उत्पादों/प्रणालियों के लिए विस्तृत आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं:

1. कोनेक प्रीकास्ट कंपाउंड वॉल
2. यूपीवीसी दरवाजे एवं खिड़कियां
3. रैपिकॉन वॉल पैनल एवं पूर्वनिर्मित स्टील संरचना

निर्माताओं से निम्नलिखित नए उत्पादों/प्रणालियों के लिए प्रारंभिक आवेदन (पीए) प्राप्त हुए हैं, जिसके आधार पर आवेदनों को संसाधित करने के लिए अन्य दस्तावेजों के साथ जानकारी प्रस्तुत करने के लिए विस्तृत आवेदन पत्र (डीएएफ) जारी किए जा रहे हैं:

1. सॉलिड पैनल पीवीसी दरवाजे एवं चौखट – मैसर्स राजश्री प्लास्टीवुड प्राइवेट लिमिटेड
2. ग्रास फ्लोर बंबो फ्लोरिंग टाइलें – मैसर्स ग्रास प्लाई
3. सैंडविच पैनल, प्रीफैब और पीईबी संरचनाएं – मैसर्स ईपैक पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड
4. इंसुलेट (छत की टाइल) – मैसर्स आशापुरा टाइल्स एंड माइनर

5. मॉड्यूलर बिल्डिंग/पीईबी/एलजीएस बिल्डिंग – मैसर्स स्मार्ड
6. फेरॉन पैनल – मैसर्स डॉ. अरुण नरहरि पुरंदरे
7. लाइट गेज स्टील फ्रेमयुक्त संरचनाएं – मैसर्स बहल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड
8. मोडुकास्ट प्रीकास्ट कंक्रीट बिल्डिंग – मैसर्स मोडुकास्ट प्राइवेट लिमिटेड
9. वसपर कम्पोजिट हनीकॉम्ब कंस्ट्रक्शन पैनल्स प्राइवेट लिमिटेड

उपरोक्त आवेदन की प्रक्रिया फर्मों द्वारा प्रस्तुत डेटा, उनकी वेबसाइट में उपलब्ध सूचना, कार्यस्थल में विनिर्माण संयत्रों का निरीक्षण एवं कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणपत्र (पीएसी) से पूर्व उत्पाद/प्रणालियों के नमूने की जांच के आधार पर चल रही है। परिषद अब तक विभिन्न उत्पादों और प्रणालियों पर 73 पीएसीएस जारी कर चुकी है।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की अनुभागीय (सेक्शनल) समितियों के लिए तकनीकी सहायता

पीएसीएस के अलावा परिषद्, सिविल इंजीनियरिंग से संबंधित विभिन्न विषयों – यथा सीमेंट एवं कंक्रीट, फ्लोरिंग, वाल फर्निशिंग तथा रूफिंग सामग्री; भूकंप इंजीनियरिंग, आवासीय प्रीफैब्रिकेटेड निर्माण; पहाड़ी क्षेत्र विकास तथा राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता इत्यादि पर भारतीय मानकों का सूत्रीकरण करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की विभिन्न अनुभागीय समितियों को तकनीकी सहायता (इनपुट) उपलब्ध करा रही है।

5. परिषद् की वेबसाइट के माध्यम से सूचना का प्रसार

परिषद् की वेबसाइट (www.bmtpc.org) को विश्व स्तर पर पेशेवरों और अन्य लोगों के द्वारा देखा जा रहा है। इसका उपयोग नवोन्मेषी भवन सामग्रियों और निर्माण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में एक संदर्भ संसाधन के तौर पर किया जा रहा है। परिषद् की वेबसाइट सबके लिये किफायती आवास के सामर्थ्यकारी वातावरण तैयार करने के इसके अधिदेश के अनुरूप किफायती भवन सामग्रियों और निर्माण पर एक कोष के तौर पर कार्य करती है। परिषद् की वेबसाइट (ीपदकपण्इउजचबण्वतह) को राजभाषा निदेशालय के निदेशों के अनुसार हिंदी में भी विकसित किया गया है।

वेबसाइट पर उत्पाद एवं सेवाओं के बारे में सामान्य पूछताछ के तौर पर अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त होती है। परिषद् की वेबसाइट का किराया एवं क्रय अपेक्षाओं, निविदा सूचनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सूचना का अधिकार अधिनियम तथा समय–समय पर यथा अपेक्षित अन्य सूचनाओं के अतिरिक्त नवीनतम तकनीकी सूचना से नियमित तौर पर अद्यनीकृत किया जाता है।

परिषद नवीन निर्माण सामग्री और आपदा प्रतिरोधी प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी का प्रचार–प्रसार करने के लिए अन्य क्रियाकलाप सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटरः @bmtpcdelhi; फेसबुकः /bmtpc.mhua; यूट्यूबः BMTPC) का उपयोग भी कर रही है।

यूट्यूब चैनल ''बीएमटीपीसी'' दर्शकों के बीच मुख्य रूप से इंजीनियरों, वास्तुकारों और अन्य पणधारकों के बीच दिन–ब–दिन लोकप्रिय होता जा रहा है। इस यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध विभिन्न वीडियो के 1,40,000 से अधिक बार देखा गया। अधिकांश लोगों द्वारा देखे जा रहे कुछ वीडियो इस प्रकार हैं (1) लाइट गेज स्टील स्ट्रक्चर सिस्टम (53,525 बार), (2) ईपीएस आधारित पैनल सिस्टम (48,018 बार), (3) मोनोलिथिक कंक्रीट कंस्ट्रक्शन (7,219 बार), (4) स्टे इन प्लेस फॉर्मवर्क सिस्टम (4,250 बार) आदि। बीएमटीपीसी यूट्यूब चैनल को अब तक 1830 सब्सक्राइबर मिल चुके हैं।

VI. प्रौद्योगिकी की पहचान, स्थानांतरण एवं संवर्धनात्मक गतिविधियां

1. उभरती आवास प्रौद्योगिकियों की पहचान एवं मूल्यांकन

परिषद् नियमित आधार पर भारतीय भू–जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल यथोचित प्रौद्योगिकियों की पहचान, मूल्यांकन एवं संवर्द्धन पर विश्व भर में अपनाई गई उचित निर्माण प्रथाओं का अध्ययन कर रहा है। इस प्रक्रिया में, वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रौद्योगिकियों को चिन्हित किया गया जिनमें देश में जन आवास के लिए इस्तेमाल किए जाने की संभावना दिखाई देती है:

कों_क्रीट प्रबलित आटोक्लेव वातित कंक्रीट (एएसी) पैनल (पीएसी संख्या 1056–पी/2021)

कों_क्रीट प्रबलित एएसी दीवार और फर्श/छत पैनल नवोन्मेषी ऑटोक्लेव्ड वातित कंक्रीट (एएसी) उत्पाद हैं, जिनमें प्रकाश, उच्च तापीय दक्षता, ध्वनिकी प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और हल्के वजन जैसे गुण सम्मिलित हैं।

ये उड़न राख (फ्लाई ऐश), सीमेंट और अन्य तत्वों के मिश्रण से निर्मित स्टीम उपचारित सीमेंटयुक्त सामग्री हैं जो सामग्री को विशिष्ट सेलुलर कम वजनी आंतरिक संरचना प्रदान करते हैं। इसकी निर्माण प्रक्रिया में स्लरी टैंकों में संग्रहीत फ्लाई ऐश घोल, साइलो में संग्रहीत बाइंडर (चूना, सीमेंट और एनहाइड्राइट) और पानी में बिखरे हुए एल्यूमीनियम पाउडर को मिलाना शामिल है।

कों_क्रीट प्रबलित ऑटोक्लेव्ड वातित कंक्रीट (एएसी) पैनल

इसके उपरांत सभी घटकों को सटीक रूप से तौला जाता है और पूर्व–निर्धारित क्रम में मिक्सर में छोड़ा जाता है। इसके पकने की विधि और तापमान नियंत्रण प्रणाली लगातार इस प्रक्रिया की निगरानी करती है। फिर मिश्रण को सांचों में डाला जाता है और इसके तुरंत बाद, डिजाइन की आवश्यकता के अनुसार प्रबलित फ्रेम असेंबली डाली जाती है। उत्पाद/टुकड़े को 2–3 घंटे के लिए पहले प्रशोधित किया जाता है जिसके बाद इसे आवश्यक आयामों के अनुसार उच्च परिशुद्धता काटने वाली मशीनों द्वारा काटा जाता है।

इन प्रबलित एएसी पैनलों का उपयोग बाहरी, आंतरिक, विभाजन दीवारों और फर्श/छत आदि जैसे अनुप्रयोगों के साथ सभी प्रकार के आधुनिक निर्माण के लिए किया जा सकता है। भवन प्रक्रिया की व्यापक अपेक्षाओं की उपयुक्तता के साथ, एएसी पैनल अनुप्रयोग क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में बहुमंजिला आवासीय निर्माण, लघु मॉड्यूलर आवासीय निर्माण, वाणिज्यिक निर्माण, औद्योगिक गोदाम, शेड आदि सहित पारंपरिक निर्माण सामग्री में भी फायदेमंद हैं।

पॉलीयूरेथेन फोम (पीयूएफ) का उपयोग करके फैक्ट्री में तैयार इंसुलेटेड सैंडविच पैनल (पीएसी नंबर 1058–पी/2021)

ये पैनल फैक्ट्री में तैयार किए गए इंसुलेटेड सैंडविच पैनल होते हैं जिनमें धातु की चादरों की दो परतों के बीच एक इंसुलेटिंग परत ''सैंडविच'' जुड़ी होती है। इनका निर्माण कठोर पॉलीयूरेथेन फोम (पीयूएफ) का उपयोग करके किया जाता है, जो पूर्व–लेपित स्टील शीट के बीच बंधे होते हैं ताकि प्रोफाइल वाले पैनल तैयार किए जा सकें। स्टील शीट या तो पीपीजीआई या पीपीजीएल हो सकती है, जिसकी अधिकतम मोटाई 0.8 मिमी तक होती है। एक इन्सुलेशन कोर बेहतर संरचनात्मक स्थिरता के लिए इन्सुलेशन और मजबूत जोड़ प्रदान करता है और पैनलों के लिए बेहतर भार वहन क्षमता और व्यापक सुविधा प्रदान करता है।

इन पैनलों में उच्च शक्ति–वजन अनुपात होता है और भवन की संरचना पर संरचनात्मक स्थिरता सुनिश्चित

फैक्ट्री में तैयार इंसुलेटेड सैंडविच पैनल पीयूएफ उपयोग

करता है। इन पैनलों का उपयोग आवासीय और वाणिज्यिक भवनों, स्कूल और प्रशिक्षण केंद्रों, इस्पात संरचनाओं, प्रबंधन ब्लॉकों, साइट कार्यालयों आदि जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए दीवार और छत के घटकों के रूप में किया जाता है। ये पैनल मोनोवाल पैनल, ग्लैमेट पैनल और सुपर दीवार पैनल जैसे ब्रांडों में उपलब्ध हैं।

इन पैनलों का उपयोग करके निर्मित संरचनाओं में वास्तुशिल्प तत्वों/सुविधाओं जैसे कि कोविंग, कैंटिलीवर, मेजेनाइन फर्श आदि के साथ एमईपी (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग) सेवाएं शामिल की जा सकती हैं। संरचनाओं का डिजाइन और इंजीनियरिंग भारतीय मानकों में निर्दिष्ट दिशानिर्देशों का पालन करते हुए किया जाता है।

ये पैनल मानक चौड़ाई 1000 मिमी और ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार लंबाई के साथ 30 मिमी से 120 मिमी की मोटाई में उपलब्ध होते हैं। पैनलों का फिक्सिंग तंत्र सटीक इंटरलॉकिंग, आयामी सटीकता सुनिश्चित करता है और हवा के अंतराल और थर्मल ब्रिजिंग के जोखिम को भी समाप्त करता है। सभी जोड़ ब्यूटाइल टेप, सीलेंट और फ्लैशिंग से ढके होते हैं। इसमें विभिन्न फेसिंग विकल्प उपलब्ध होते है जैसे कि प्री–पेंटेड गैल्वेनाइज्ड स्टील/एल्यूमीनियम, स्टेनलेस स्टील और क्राफ्ट पेपर और आंतरिक परत के लिए छिद्रित धातु शीट।

मिनरल वूल का उपयोग करते हुए फैक्ट्री में तैयार इंसुलेटेड सैंडविच पैनल्स (पीएसी सं. 1057-पी/2021)

ये पैनल फैक्ट्री में तैयार किए गए इंसुलेटेड सैंडविच पैनल होते हैं जिनमें धातु की चादरों की दो परतों के बीच एक इंसुलेटिंग परत ''सैंडविच'' जुड़ी होती है। इनका निर्माण प्री–कोटेड स्टील शीट के बीच बंधे खनिज ऊन का उपयोग करके किया जाता है ताकि प्रोफाइल वाले पैनल तैयार किए जा सकें। स्टील शीट या तो पीपीजीआई या पीपीजीएल हो सकती है, और अधिकतम मोटाई 0.8 मिमी हो सकती है। एक इन्सुलेशन कोर बेहतर संरचनात्मक स्थिरता के लिए इन्सुलेशन और मजबूत बंधन प्रदान करता है और पैनलों के लिए बेहतर भार वहन क्षमता और व्यापक सुविधा प्रदान करता है।

इस प्रणाली में सभी प्रकार की वास्तु विशेषताएं जैसे कोविंग, बॉक्स, कैंटिलीवर, प्रोजेक्शन, इनफिल वॉल, मेजेनाइन फ्लोर आदि शामिल हो सकते हैं। इस प्रणाली में सभी प्रकार की सेवाएं जैसे इलेक्ट्रिकल, गैस और प्लंबिंग आदि शामिल की जा सकती हैं। संरचनाओं के डिजाइन और इंजीनियरिंग को प्रासंगिक भारतीय मानकों में निर्धारित मानदंडों और दिशानिर्देशों का पालन करके निष्पादित किया जाता है।

इन पैनलों में उच्च क्षमतायुक्त–वजन अनुपात होता है जो भवन की संरचना पर संरचनात्मक स्थिरता सुनिश्चित करता है। पैनलों का उपयोग आवासीय और वाणिज्यिक भवनों, स्कूल और प्रशिक्षण केंद्रों, इस्पात संरचनाओं,



मिनरल वूल का उपयोग करते हुए फैक्ट्री में तैयार इंसुलेटेड सैंडविच पैनल्स

प्रबंधन ब्लॉक और साइट कार्यालयों, पोर्टा केबिन आदि जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए दीवार और छत दोनों घटकों के रूप में किया जाता है। ये पैनल हिपरटेक वॉल और एचपीरटेक छत जैसे ब्रांडों में उपलब्ध हैं।

ये पैनल 50 मिमी से 120 मिमी की मोटाई में उपलब्ध हैं, मानक चौड़ाई 1000 मिमी और ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार लंबाई के साथ। पैनलों का फिक्सिंग तंत्र सटीक इंटरलॉकिंग, आयामी सटीकता सुनिश्चित करता है और हवा के अंतराल और थर्मल ब्रिजिंग के जोखिम को भी समाप्त करता है। सभी जोड़ ब्यूटाइल टेप, सीलेंट और फ्लैशिंग से ढके होते हैं। यह विभिन्न फेसिंग विकल्पों के साथ आता है जैसे कि प्री–पेंटेड गैल्वेनाइज्ड स्टील/एल्यूमीनियम, स्टेनलेस स्टील और क्राफ्ट पेपर और आंतरिक परत के लिए छिद्रित धातु शीट।

2. नवरीति : नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकियों पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

आवास और भवन निर्माण के लिए नई और उभरती हुई निर्माण सामग्री और प्रौद्योगिकियों के बारे में निर्माण पेशेवरों के बीच क्षमता निर्माण के उद्देश्य से, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने बीएमटीपीसी और योजना एवं वास्तुवकला विद्यालय (एसपीए), नई दिल्ली के सहयोग से उभरती आवास प्रौद्योगिकियों पर नवरीति (भारतीय आवास हेतु नई, सस्ती, विधिमान्य, अनुसंधान नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियां) नामक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आरंभ किया है। बीएमटीपीसी द्वारा योजना एवं वास्तुवकला विद्यालय (एसपीए), नई दिल्ली के सहयोग से ''निर्माण प्रौद्योगिकी वर्ष 2019–20'' के हिस्से के रूप में यह प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आरंभ किया गया है।

इस पाठ्यक्रम का शुभारंभ छह लाइट हाउस परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह के दौरान 1 जनवरी, 2021 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। नवरीतिः नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकी पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के रूप में पठन सामग्री का विमोचन भी माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किया गया था। परिषद ने प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पर एक लघु फिल्म तैयार करने में एचएफए निदेशालय की भी सहायता की, जिसे समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया था।

इस प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के मुख्य उद्देश्य (क) आवास के लिए विश्व भर में उपयोग की जा रही नवीनतम सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों से पेशेवरों को अवगत कराना, (ख) संपत्तियों, विनिर्देशों, प्रदर्शन के संदर्भ में सामग्री और प्रौद्योगिकियों की अत्याधुनिकता के बारे में जागरूकता प्रदान करना, डिजाइन और निर्माण के तरीके ताकि पेशेवर इन्हें अपने दैनिक अभ्यास में सफलतापूर्वक नियोजित कर सकें और (ग) निष्पादित परियोजनाओं के लिए निवेश उपलब्ध कराना जहां ऐसी सामग्री और प्रौद्योगिकियां क्रियान्वित की गई हैं।

नवरीति के पहले बैच का उद्घाटन 11.02.2021 को सचिव (आवासन एवं शहरी कार्य) द्वारा किया गया औरर 12 से 18 फरवरी, 2021 तक चला, जिसमें 125 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का दूसरा बैच 19 से 26 मार्च, 2021 तक आयोजित किया गया, जिसमें 116 इंजीनियरों, वास्तुकारों और अन्य पणधारकों ने सहभागिता की। नवरीति पाठ्यक्रम के तीसरे बैच की घोषणा हो गई है और ऑनलाइन कक्षाएं 30 अप्रैल, 2021 से आरंभ होंगी। मौजूदा वैश्विक महामारी परिदृश्य को देखते हुए यह पाठ्यक्रम ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर संचालित किया जा रहा है।

यह अपनी तरह का पहला ऐसा पाठ्यक्रम है और इस पाठ्यक्रम में वैकल्पिक और नवोन्मेषी सामग्री और निर्माण प्रौद्योगिकियों को सम्मिलित किया गया है। इस पाठ्यक्रम की विषय वस्तु इस प्रकार हैः

प्रथम दिन

- उभरती निर्माण प्रणालियाँ – भूमिका, अवसर, चुनौतियाँ
- पीएसीएस/ बीएमटीपीसी/ सीपीडब्ल्यूडी/ जीएचटीसी–इंडिया/ आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा सवंर्धित उभरती निर्माण प्रौद्योगिकियां

दूसरा दिन

- फॉर्मवर्क सिस्टम – भूमिका, अवधारणाएं और इसकी विशेषताएं, डिजाइन दर्शनशास्त्र
- फॉर्मवर्क सिस्टम – निर्माण पद्धति, कार्यान्वयन और मामले का अध्ययन



माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी, 1.1.2021 को छह लाइट हाउस परियोजनाओं (एलएचपी) के शिलान्यास समारोह के दौरान नवरीति पाठ्यक्रम का शुभारंभ करते हुए

श्री दुर्गा शंकर मिश्र, सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय 11.02.2021 को नवरीति के पहले बैच का उद्घाटन करते हुए

नवरीतिः नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकी पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर 12 से 18 फरवरी, 2021 तक पहले बैच का आयोजन

नवरीतिः नवोन्मेषी निर्माण प्रौद्योगिकी पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर 19 से 26 मार्च, 2021 तक दूसरे बैच का आयोजन

तीसरा दिन
- स्टे–इन–प्लेस फॉर्मवर्क सिस्टम – भूमिका, अवधारणाएं और इसकी विशेषताएं
- स्टे–इन–प्लेस फॉर्मवर्क सिस्टम – निर्माण पद्धति, कार्यान्वयन और मामले का अध्ययन

चौथा दिन
- प्रीकास्ट सैंडविच पैनल सिस्टम – भूमिका, अवधारणा, निर्माण पद्धति, कार्यान्वयन और मामले का अध्ययन
- जीएफआरजी पैनल सिस्टम – भूमिका, अवधारणाएं, निर्माण पद्धति, कार्यान्वयन और मामले का अध्ययन

पांचवा दिन
- स्टील संरचनात्मक प्रणाली (स्ट्रक्चरल सिस्टम) – भूमिका, अवधारणाएं और इसकी विशेषताएं
- स्टील संरचनात्मक प्रणाली (स्ट्रक्चरल सिस्टम) – निर्माण पद्धति, कार्यान्वयन और मामले का अध्ययन

छठा दिन
- लाइट गेज स्टील फ्रेम सिस्टम – भूमिका, अवधारणाएं और इसकी विशेषताएं
- लाइट गेज स्टील फ्रेम सिस्टम – निर्माण पद्धति, कार्यान्वयन और मामले का अध्ययन

सातवां दिन
- प्रीकास्ट कंक्रीट निर्माण प्रणाली – भूमिका, अवधारणाएं और इसकी विशेषताएं
- प्रीकास्ट कंक्रीट बिल्डिंग – निर्माण पद्धति, कार्यान्वयन और मामले का अध्ययन

आठवां दिन
- 3डी प्रीकास्ट वॉल्यूमेट्रिक सिस्टम – परिचय, अवधारणाएं और इसकी विशेषताएं
- 3डी प्रीकास्ट वॉल्यूमेट्रिक सिस्टम – निर्माण पद्धति, कार्यान्वयन और मामले का अध्ययन

इस पाठ्यक्रम के विशेषज्ञों में एसपीए, बीएमटीपीसी, आईआईटी, सीबीआरआई और उद्योग के विशेषज्ञ शामिल हैं।

पाठ्यक्रम के अंत में, बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) पर आधारित एक ऑनलाइन परीक्षा होती है। पाठ्यक्रम के सफल समापन पर, आवेदक को एसपीए, नई दिल्ली और बीएमटीपीसी द्वारा एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

3. योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली के ''योजना (आवास)'' के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी पर पाठ्यक्रम

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली द्वारा परिषद को उनके दूसरे सेमेस्टर के दौरान ''योजना–निष्णात (आवास)'' के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी पर पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

स्नातकोत्तर छात्रों के दूसरे सेमेस्टर के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के पाठ्यक्रम में भवन निर्माण सामग्री पारंपरिक और पारंपरिक, कम लागत वाली सामग्री, आवास विकास के लिए प्रौद्योगिकी का महत्व, पारंपरिक प्रौद्योगिकियां और आधुनिक प्रौद्योगिकियां, उपयुक्त प्रौद्योगिकी, भारत और तीसरी दुनिया में आवास विकास के संदर्भ में आवास हेतु प्रौद्योगिकी, प्रणाली निर्माण की अवधारणा, विभिन्न खुली और बंद प्रणालियाँ, भवन की विभिन्न प्रणालियों का चुनाव, बुद्धिमतापूर्ण भवन की अवधारणा, भारत में निर्माण उद्योग के संगठन–आवास निर्माण उद्योग का महत्व, इसकी विशेषताएं और इसमें शामिल विभिन्न कारकों की भूमिका, आवास निर्माण उद्योग–निर्माण सामग्री निर्माताओं, विक्रेताओं और छोटे ठेकेदारों में छोटे पैमाने के उद्यम, आवास निर्माण में संसाधनों और जनशक्ति का महत्व, आवास निर्माण में प्रदान करने की आवश्यकता, नृमिति केंद्रों की अवधारणा, लागत कम करने वाली तकनीकें, पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियां, आवास परियोजनाओं में प्रौद्योगिकी की भूमिका निर्माण–लागत समय और अन्य निहितार्थ, गृह निर्माण के लिए उभरते तकनीकी दृष्टिकोण, बुनियादी ढांचे और आवास क्षेत्र की योजना, ''हरित'' आवास नई और वैकल्पिक तकनीकों को बढ़ावा देने में बीएमटीपीसी और अन्य संगठनों की भूमिका शामिल हैं।

इसलिए, एसपीए, नई दिल्ली के अनुरोध के अनुसार, कार्यकारी निदेशक, बीएमटीपीसी ने अपने दूसरे सेमेस्टर

के दौरान ''योजना (आवास)'' के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी पर पाठ्यक्रम आरंभ किया। सेमेस्टर के दौरान निम्नलिखित व्याख्यान दिए गए:

व्याख्यान 1 से 3	टिकाऊ निर्माण सामग्री और निर्माण प्रौद्योगिकियां
व्याख्यान 4	कृषि, खनिज और औद्योगिक कचरे से निर्माण सामग्री और उत्पाद
व्याख्यान 5	निर्माण एवं तोड़–फोड़ से उत्पन्न (सी एंड डी) कचरा प्रबंधन
व्याख्यान 6	भवनों में ऊर्जा
व्याख्यान 7	हरित भवन – किफायती आवास गृह
व्याख्यान 8 से 11	आपदा प्रतिरोधी डिजाइन और निर्माण प्रथाएं
व्याख्यान 12–13	जन आवास के लिए उभरती निर्माण प्रणाली
व्याख्यान 14	बुद्धिमत्तापूर्ण भवन

4. गृहा वर्चुअल फेस्ट

थ एकीकृत हरित पर्यावास मूल्यांकन परिषद (गृहा), ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टेरी) (टेरी) ने 21 से 25 जुलाई, 2020 तक ''गृहा वर्चुआल फेस्ट'' का आयोजन किया, जहां गृहा उत्पाद कैटलॉग में पंजीकृत उत्पाद निर्माताओं को विभिन्न पणधारकों को उनके संबंधित उत्पादों (लाभ, विनिर्देशन और उत्पाद की स्थिरता सुविधाएं) के बारे में जानकारी का प्रचार–प्रसार करने का अवसर प्रदान किया गया। गृहा उत्पाद कैटलॉग एक ऑनलाइन कैटलॉग है जिसे हरित भवन डिजाइनरों, वास्तुकारों, इंजीनियरों, बिल्डरों और ग्राहकों को भरोसेमंद ग्रीन बिल्डिंग उत्पादों पर ऐसी सभी आवश्यक जानकारी के साथ विकसित किया गया है, जिनका उपयोग भवनों को गृहा के अनुरूप बनाने के लिए किया जा सकता है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), भारत सरकार और ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टेरी) ने गृहा (एकीकृत हरित पर्यावास मूल्यांकन) विकसित किया है, जिसे वर्ष 2007 में ''भारत में हरित भवन राष्ट्रीय मूल्यांकनन प्रणाली'' के रूप में अनुमोदित किया गया है।

बीएमटीपीसी ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शनी स्थल में बीएमटीपीसी की विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन करते हुए ''गृहा वर्चुअल फेस्ट'' में सहभागिता की।

इस गृहा वर्चुअल फेस्ट ने नवीन तकनीकों और समाधानों पर विचार–विमर्श करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जो पूरे समुदाय के लाभ के लिए स्थायी समाधान विकसित करने के लिए मजबूत तंत्र बनाने में मदद करेगा। इस समारोह में 21–25 जुलाई, 2020 तक आयोजित गृहा की वर्चुअल प्रदर्शनी और 21–22 जुलाई, 2020 तक आयोजित एक ऑनलाइन बैठक/वेबिनार शामिल है, जो भवन प्रौद्योगिकी के विकास में नई तकनीकों और नई अवधारणाओं का पता



लगाने और सुरक्षा, स्थायित्व, उसमें रहने वालों के रहने योग्य और स्थिरता पर केन्द्रित थी। ग्राहकों के साथ उत्पाद निर्माताओं के सीधे संपर्क पर जोर दिया गया। गृहा वर्चुअल फेस्ट ने एक ऐसा तकनीकी मंच प्रदान किया जहां प्रतिभागियों ने कई उत्पादों को प्रदर्शित किया और दर्शकों के साथ परस्पर वार्तालाप भी किया।

5. विश्व पर्यावास दिवस 2020 समारोह

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 5 अक्टूबर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व पर्यावास दिवस 2020 मनाया। परिषद ने विश्व पर्यावास दिवस 2020 समारोह में सहभागिता की और इस अवसर पर परिषद ने तीन पुस्तकें यानि (i) ''सबके लिए आवासः बेहतर शहरी भविष्य'' विषय पर ''निर्माण सारिका'' का विशेषांक, (ii) उभरती निर्माण प्रणालियों पर लघु पुस्तिका, और (iii) कार्य–निष्पादन मूल्यांकन प्रमाणन योजना (पीएसीएस पर पुस्तिका निकाली। श्री दुर्गा शंकर मिश्रा, सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की गरिमामई उपस्थिति में श्री हरदीप एस. सिंह, माननीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा नई दिल्ली में 5 अक्टूबर, 2020 को इन पुस्तकों का विमोचन किया गया।



श्री हरदीप एस. पुरी, माननीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 5 अक्टूबर, 2020 को नई दिल्ली में विश्व पर्यावास दिवस के अवसर पर बीएमटीपीसी द्वारा प्रकाशित तीन पुस्तकों का विमोचन करते हुए

VII. संगठन

